RNI N.- BIHBIL/2022/88070
राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र
www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर



"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 138 , बुधवार, 01 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com


हर घर नल का जलः रामगढ़वा में अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान के नियमों में बदलाव 03

50 हजार रुपये रिश्वत लेते प्रधानाध्यापक गिरफ्तार, निगरानी ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई 04
सामंथा रुथ प्रभु की मां इंटी बंगारम ने नौवें दिन गाड़े झंडे, कमाया 137... 07

## संक्षिप्त समाचार

### पेट्रोल बेचने वाली कंपनियां तुरंत दाम घटाएं : ट्रम्प

- बोले, कच्चा तेल सस्ता हो गया, फिर भी ग्राहकों से ज्यादा पैसे वसूले जा रहे

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पेट्रोल बेचने वाली कंपनियों से तुरंत पेट्रोल के दाम घटाने को कहा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि कच्चे तेल की कीमत घटकर 68 डॉलर प्रति बैरल रह गई है, लेकिन इसका फायदा



ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा। उन्होंने कहा कि लोग अब भी जरूरत से ज्यादा कीमत चुका रहे हैं, जबकि तेल लगातार सस्ता हो रहा है। उन्होंने कंपनियों से पेट्रोल की कीमत करीब 2.50 डॉलर प्रति गैलन तक लाने की अपील की।

ट्रम्प ने कहा कि ग्राहकों से जरूरत से ज्यादा पैसे वसूलना गैरकानूनी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कंपनियों ने जल्द दाम नहीं घटाए तो उन्हें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले ट्रम्प अमेरिकी न्याय विभाग को बड़ी तेल कंपनियों की जांच के आदेश भी दे चुके हैं।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में उछाल आया था। अब कच्चे तेल की कीमतें घट गई हैं, लेकिन पेट्रोल-डीजल अब भी महंगा बिक रहा है।

### आसाराम को अंतरिम राहत देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

- राजस्थान सरकार को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राजस्थान सरकार से खुद को धर्मगुरु बताने वाले आसाराम की उस याचिका पर जवाब मांगा है। याचिका में उन्होंने 2013 में एक नाबालिग के रेप केस में हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी सजा और उम्रकैद की सजा को बरकरार रखा गया था। यह मामला जस्टिस एमएम



सुंदरेश और शील नागू की बेंच के सामने सुनवाई के लिए आया। बेंच ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और दो हफ्ते में जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान आसाराम की तरफ से वकील ने कहा कि उनके क्लाइंट की उम्र 80 साल से ज्यादा है और उन्हें कई बीमारियाँ हैं। राज्य सरकार की तरफ से पेश एक वकील ने बेंच को बताया कि आसाराम को 2 जून को अस्पताल ले जाया गया था और उनकी सेहत को कोई खतरा नहीं पाया गया। बेंच ने मौखिक रूप से कहा, हम अभी बेल नहीं दे रहे हैं। बेंच ने आगे कहा, राज्य की बात सुनने के बाद हम इस पर विचार करेंगे कि क्या बेल देने की बहुत जरूरत है, जैसे कि ऐसी हालत में जहाँ उनकी जान को खतरा हो। आसाराम के वकील ने कहा कि उनका क्लाइंट सोशल मीडिया ट्रायल का शिकार हुआ है। पीड़ित के वकील ने इस बात का विरोध किया। बेंच ने पिटीशनर को दी जा रही मेडिकल सुविधाएं जारी रखने का निर्देश दिया।

### मैं हरियाणा के बच्चों का भी मामा हूं : शिवराज सिंह चौहान

- 121 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

**रेवाड़ी (एजेंसी)।** बावल स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान केंद्र में आयोजित खेती बचाओ अभियान के समापन समारोह में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे। इस दौरान मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों, वैज्ञानिकों और कृषि क्षेत्र से जुड़े लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, विश्वविद्यालय के



कुलपति सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

**121 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास :** इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय अनुसंधान केंद्र में आकर गौरव का अनुभव हो रहा है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां किसानों का मार्गदर्शन करने पहुंचे हैं। क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए 121 करोड़ रुपये की 11 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। इनमें बावल क्षेत्र की दो परियोजनाओं का उद्घाटन और नौ नई परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

## मोबाइल नंबर शेयर करने का झंझट खत्म

- अब यूजरनेम से भी होगी वॉट्सएप पर चैट
- 29 जून से बुकिंग शुरू, बिना मोबाइल नंबर बताए बातचीत भी कर सकेंगे




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब तक वॉट्सएप पर किसी नए व्यक्ति से बात करने के लिए मोबाइल नंबर देना जरूरी होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सएप ने यूजरनेम फीचर लॉन्च करने का ऐलान किया है। इसके बाद लोग अपना मोबाइल नंबर बताए बिना भी सिर्फ यूजरनेम के जरिए चैट कर सकेंगे।

कंपनी ने 29 जून से दुनियाभर में यूजरनेम की बुकिंग शुरू कर दी है। हालांकि यह सुविधा सभी यूजर्स को एक साथ नहीं मिलेगी। आने वाले कुछ महीनों में इसे धीरे-धीरे सभी देशों में रोल आउट किया जाएगा। जब यह फीचर यूजर के इलाके में उपलब्ध होगा, तब उसके वॉट्सएप के अंदर नोटिफिकेशन मिलेगा।

वॉट्सएप के हेड कुणाल शाह ने एक्स पर लिखा सही समय ही सब कुछ है। दुनिया भर में यह फीचर जारी होने से पहले ही वॉट्सएप से जुड़ें और अपना यूजरनेम सुरक्षित कर लें। अब अपनी पसंद का यूजरनेम लेने का समय है।

### इस नए फीचर से क्या बदलेगा

यूजरनेम फीचर आने के बाद कुछ स्थितियों में फोन नंबर अपने-आप दिखाई नहीं देगा। इनमें शामिल हैं :

- जब आपको किसी बड़े ग्रुप चैट में जोड़ा जाएगा।
- जब आप पहली बार किसी व्यक्ति को मैसेज करेंगे।
- इस बदलाव से आपका फोन नंबर निजी (प्राइवेट) रहेगा। वह तभी दिखाई देगा, जब आप खुद उसे साझा करना चाहेंगे।

## एथेनॉल आवंटन बढ़ाने संबंधी अदालत के निर्देश पर यथास्थिति बरकरार रहेगी : सुप्रीम कोर्ट

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के मामले में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया, जिसमें 'एथेनॉल आपूर्ति वर्ष' (ईएसवाई) 2025-26 के लिए एथेनॉल आवंटन बढ़ाने का आदेश दिया गया था। न्यायालय एक तेल विपणन कंपनी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दावा किया गया था कि उच्च न्यायालय का आदेश पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने की राष्ट्रीय नीति को अस्थिर कर देगा।




**एथेनॉल निर्माता द्वारा सौंपी गई अर्ज़ी पर विचार करें -** न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को निर्देश दिया था कि वे एथेनॉल आपूर्ति वर्ष 2025-26 के लिए एथेनॉल आवंटन बढ़ाने की मांग करने वाले एक समर्पित एथेनॉल निर्माता द्वारा सौंपी गई अर्ज़ी पर विचार करें और उस पर निर्णय लें।

- **पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाने का कार्यक्रम एक्सपेरिमेंट** - उच्च न्यायालय ने कहा था कि जो समर्पित एथेनॉल संयंत्र सरकारी नीति के तहत बनाए गए हैं और अनुबंध के अनुसार सिर्फ तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को ही एथेनॉल आपूर्ति करने के लिए बाध्य हैं, उन्हें लॉन्ग-टर्म ऑफटेक एग्रीमेंट (एलटीओए) के तहत मिलने वाले प्राथमिकता वाले आवंटन के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कहा कि ओएमसी को वीआईपीएन डिस्टिलरीज एंड शुगर्स के लिए एथेनॉल आवंटन बढ़ाने पर विचार करने का निर्देश देने वाला उच्च न्यायालय का आदेश राष्ट्रीय नीति को अस्थिर कर देगा।

विदेश से एमबीबीएस की डिग्री लाए

## 25 लाख देकर बन गए फर्जी डॉक्टर

- राजस्थान एसओजी ने उतारा सफेद कोट

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान में फर्जी एफएमजी स्क्रीनिंग परीक्षा प्रमाण-पत्र के जरिए डॉक्टर बनने के सनसनीखेज रैकेट का लगातार खुलासा हो रहा है। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए विदेश से एमबीबीएस कर लौटे तीन और चिकित्सकों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन







तीनों ने एफएमजीई परीक्षा पास किए बिना 23 से 25 लाख रुपये देकर फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाए और राजस्थान मेडिकल काउंसिल से अस्थायी पंजीकरण हासिल कर विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप शुरू कर दी।

- **ऐसे चलता था करोड़ों का फर्जीवाड़ा-** एसओजी की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित अनिवार्य एफएमजी स्क्रीनिंग परीक्षा में असफल रहने वाले अभ्यर्थी दलालों के संपर्क में आते थे। गिरोह लाखों रुपये लेकर उनके लिए कूटरचित एफएमजी प्रमाण-पत्र तैयार करवाता था। इसके बाद राजस्थान मेडिकल काउंसिल के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से अस्थायी पंजीकरण कराया जाता और मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप दिला दी जाती। एसओजी के अनुसार इस पूरे रैकेट के मुख्य सरगना भानाराम माली, शुभम गुर्जर और इंद्रराज गुर्जर हैं, जो प्रत्येक अभ्यर्थी से 20 से 30 लाख रुपये तक वसूलकर फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराते थे।

**अब मामले की जांच अजयपाल लांबा और भुवन भूषण यादव के जिम्मे-** बताया जा रहा है कि अब इस पूरे मामले की निगरानी एसओजी के महानिरीक्षक अजयपाल लांबा और उप महानिरीक्षक भुवन भूषण यादव कर रहे हैं। एसओजी का मानना है कि पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ में इस संगठित रैकेट से जुड़े कई और लोगों के नाम सामने आ सकते हैं। जांच अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

- राम मंदिर चोरी मामला

## अयोध्या पहुंचे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष नजरबंद




**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को नजरबंद कर दिया गया है। विरोध कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस में धक्का-मुक्की हुई।

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर सियासत तेज हो गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने सोमवार देर रात 11.30 बजे अयोध्या के एक होटल में नजरबंद कर दिया। थोड़ी देर बाद उन्हें कृषि विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस ले गई।

कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा, तनुज पूनिया और उज्जवल रमण सिंह को हाउस अरेस्ट किया गया है। अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस डेलिगेशन चढ़ावा चोरी का विरोध करने पहुंचा था। उन्होंने आज यानी मंगलवार को ट्रस्ट कार्यालय के घेराव का ऐलान किया था।



इस बीच, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर 12.30 बजे राम जन्मभूमि मंदिर कूच किया। पुलिस ने मंदिर से एक किलोमीटर पहले टेढ़ी बाजार में उन्हें रोक दिया। इससे कार्यकर्ता भड़क गए। धक्का-मुक्की करने लगे।

- **चंपत राय से 3 घंटे पूछताछ, सरकार ने एसआईटी से फाइनल रिपोर्ट मांगी-** चंपत राय से रविवार को पुलिस ने करीब 3 घंटे पूछताछ की। पूछा कि उन्हें चढ़ावा चोरी का पता पहली बार कब और कैसे लगा। उसके बाद क्या-क्या किया। इससे पहले, कोर्ट ने सोमवार को चढ़ावा चोरी में गिरफ्तार 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ा दी।

### शिकायत करने में देरी की, ये मेरी गलती थी : चंपत राय

अयोध्या के राम मंदिर दान चोरी मामले में पुलिस ने ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय के बयान दर्ज किए हैं। चंपत राय ने स्वीकार किया कि शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई और इसे अपनी गलती बताया।

### एसआईआर पर 23 विपक्षी दलों ने सीजेआई को लेटर लिखा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया और चुनाव से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद ने मंगलवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) को लेटर लिखा। डीएमकेके प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया मनमानी और लोकतंत्र विरोधी है। एसआईआर का उद्देश्य मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाना है, जबकि लोकतंत्र का आधार सभी वयस्क नागरिकों को वोट का अधिकार देना है। लेटर पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) समेत 23 विपक्षी दलों और निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हस्ताक्षर किए हैं।

**एसआईआर से जुड़े मुद्दों पर विपक्ष की सहमति-** सूत्रों के मुताबिक, लेटर पर साइन करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और वाम दलों के नेता शामिल हैं। लेटर में कहा गया है कि जब लोकतांत्रिक संस्थाएं अपेक्षित तरीके से काम नहीं करतीं, तब देश की जनता न्यायपालिका की ओर उम्मीद से देखती है।

## बंगाल से कश्मीर तक 1500 किमी लंबी मानसून पट्टी बनी

### उत्तर भारत में 1 से 4 जुलाई तक भारी बारिश संभव, 26 राज्यों में मानसून पहुंचा



**नईदिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना (एजेंसी)।** मानसून ने मंगलवार 30 जून दोपहर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश में एंट्री कर ली है। देश में अब तक 26 राज्यों को कवर कर लिया है। इससे पहले 24 जून को मध्य प्रदेश-गुजरात में एंट्री ली थी। इसके बाद 6 दिन अटका रहा। इससे कई राज्यों में गर्मी और उमस बनी हुई है।

उधर, दिल्ली और उत्तर भारत के लिए राहत की खबर आ रही है। सैटेलाइट तस्वीरों में करीब 1,500 किमी लंबी मानसून ट्रफ (कम दबाव की लंबी पट्टी) बनती हुई दिखाई दी है। यह उत्तरी बंगाल की खाड़ी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक फैली हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ बन चुकी है, लेकिन फिलहाल यह हिमालय की तलहटी (फुटहिल्स) के करीब स्थित है। यह ट्रफ धीरे-धीरे दक्षिण की ओर अपनी सामान्य स्थिति में पहुंचेगी, उत्तर भारत में बिहार, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर 1 से 4 जुलाई के बीच भारी बारिश हो सकती है।

## जनरल धीरज सेठ ने नए सेना प्रमुख, सेनाध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वरिष्ठ सैन्य अधिकारी जनरल धीरज सेठ ने मंगलवार को नए सेनाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया। उनके नाम पश्चिमी मोर्चे पर सेना की दो अभियानगत सैन्य कमान के नेतृत्व की विशिष्ट उपलब्धि दर्ज है। जनरल सेठ ने 13 लाख सैनिकों वाली सेना की कमान ऐसे समय में संभाली है जब वह सीमाओं पर चुनौतियों का सामना करते हुए खुद को आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।



जनरल सेठ ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी की जगह ली है जो सशस्त्र बलों में 40 साल से अधिक के शानदार करियर के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। जनरल सेठ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़कवासला के पूर्व छात्र हैं। उन्हें दिसंबर 1986 में 'आर्मर्ड कोर' में शामिल किया गया था। 31वें सेनाध्यक्ष (सीओएएस) बनने से पहले उन्होंने उप सेना प्रमुख के तौर पर सेवाएं दी थी।

जनरल सेठ ने ऐसे समय में सेनाध्यक्ष का पद संभाला है जब वैश्विक भू-रणनीतिक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। प्रौद्योगिकी में तरक्की और आधुनिक युद्ध के बदलते स्वरूप की वजह से सुरक्षा के क्षेत्र में चुनौतियां और भी गंभीर होती जा रही हैं। रक्षा मंत्रालय ने पहले बताया था कि सैन्य कमांडर के पद पर पदोन्नति के बाद उन्होंने साउथ वेस्टर्न कमांड (जयपुर में स्थित) और सदर्न कमांड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के तौर पर काम किया। इस तरह उन्हें पश्चिमी मोर्चे पर दो अभियानगत कमान का नेतृत्व करने का दुर्लभ गौरव प्राप्त है।

## पंडित राधेश्याम की प्रतिमा का अनावरण

- सीएम योगी बोले- एकमात्र राजा राम ही हैं...विरासत का सम्मान न करने वाले कभी प्रगति नहीं करते

**लखनऊ/बरेली (एजेंसी)।** बरेली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रसिद्ध कथावाचक और 'राधेश्याम रामायण' के रचयिता पंडित राधेश्याम की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विरासत का सम्मान ही प्रगति का आधार है। हर भारतीय के रोम-रोम में राम बसे हैं। उन्होंने संत तुलसीदास का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने अकबर के दरबार में जाने से इनकार कर दिया था, क्योंकि उनके लिए राम से बड़ा कोई दरबार नहीं था।

रामपुर में जनसभा को संबोधित करने के बाद मुख्यमंत्री सीधे बरेली पहुंचे। पुलिस लाइन में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद वे सड़क मार्ग से जीआईसी ऑडिटोरियम पहुंचे, जहां उन्होंने पंडित राधेश्याम की प्रतिमा का लोकार्पण किया और उनकी रचित राधेश्याम रामायण की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा, जिन महापुरुषों को अनुभव किया था, जिन्हें गुनगुनाया था, आज



ऐसे दिव्य महापुरुष की भव्य प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने पंडित राधेश्याम कथावाचक की स्मृतियों को नमन करते हुए उनके परिवार का स्वागत और अभिनंदन किया।

### बिना नाम लिए विपक्ष पर निशाना

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने इस कार्य को आगे बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने बरेली के महापौर डॉ. उमेश गौतम और प्रशासन का भी आभार जताया। उन्होंने कहा, जो भी समाज अपनी विरासत का संरक्षण करता है, उसका सम्मान करता है और उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है, वह उतनी ही ऊंचाइयां प्राप्त करता है। मुख्यमंत्री ने कहा, विरासत का सम्मान ही प्रगति का आधार है। जो अपने पूर्वजों और अपनी विरासत की अवमानना करता है, वह न केवल अपनी अवमानना करता है, बल्कि अपनी दुर्गति का मार्ग भी प्रशस्त करता है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने कहा, विरासत का सम्मान हमारी प्रगति का आधार है। अपनी विरासत का अपमान या उसकी अवज्ञा, प्रगति को दुर्गति की ओर ले जाने का माध्यम बनती है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली के जवान सुधीर पासवान का निधन, झारखंड में ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ी

**हाजीपुर**। वैशाली के चांदपुरा थाना क्षेत्र के रसूलपुर हबीब पंचायत निवासी जवान सुधीर कुमार पासवान (34) का झारखंड के नामकुम बाजार में ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। ड्यूटी के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। साथी जवान उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही सुधीर कुमार ने दम तोड़ दिया। सुधीर कुमार पासवान ने 2005 में सेना में नौकरी शुरू की थी। उनका विवाह 2010 में हुआ था। वह पांच भाइयों में मंझले थे। सुधीर 2017 से झारखंड में ही जमीन खरीदकर घर बनाकर अपनी पत्नी और दो बच्चों (एक लड़का और एक लड़की) के साथ रह रहे थे। उनके पिता तिलधारी पासवान मजदूरी करते हैं। जवान की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बूढ़ी मां और वृद्ध पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के छोटे भाई की बहू पूजा देवी ने बताया कि सुधीर 6 जून को घर आए थे और 9 जून को वापस चले गए थे। उन्होंने कहा था कि उन्हें कम दिनों की छुट्टी मिली है। उनकी पत्नी से कल बात हुई तो उन्होंने बताया कि भैया जी ड्यूटी पर गए हैं। सुधीर की मां ने भी बताया कि वह 9 जून को मिलकर ड्यूटी पर गए थे। उन्होंने कहा था कि मम्मी, बहुत कम दिनों की ही छुट्टी मिली है, ड्यूटी पर जाना है। उनकी पत्नी और बच्चे उनके साथ ही रहते थे।

### कच्ची दरगाह-बिदुपुर गंगा पुल पर आना-जाना बंद, सुरक्षित निर्माण के लिए अगले आदेश तक रोक




**हाजीपुर**। हाजीपुर में कच्ची दरगाह-बिदुपुर गंगा पुल पर सभी प्रकार के वाहनों और आम लोगों के आवागमन पर अगले आदेश तक पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह निर्णय पुल के निर्माण कार्य को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। वैशाली की जिलाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह के निर्देश पर, निर्माण स्थल की सुरक्षा और प्रतिबंध के प्रभावी अनुपालन के लिए 24 घंटे तीन पालियों में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे प्रतिबंधित पुल का उपयोग न करें और आवागमन के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही इस्तेमाल करें। प्रशासन ने कहा कि लोगों का सहयोग पुल निर्माण कार्य को सुरक्षित और निर्धारित समय सीमा में पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### राघोपुर में जला हुआ शव मिला, झाड़ी में रखकर पेट्रोल से चेहरा जलाया, बॉडी की पहचान नहीं

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के राघोपुर प्रखंड स्थित जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक अज्ञात युवक का जला हुआ शव बरामद हुआ है। चकसिंगार पंचायत के लंका टोला गांव में सड़क किनारे शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जुड़ावनपुर थाने की पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि युवक की हत्या कर शव को जलाया गया है। शव देखने से प्रतीत होता है कि युवक की उम्र 15 से 18 वर्ष के बीच है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को झाड़ी में रखकर पेट्रोल से उसका चेहरा जलाया गया था। जुड़ावनपुर थाना प्रभारी अभिषेक पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि युवक की गला दबाकर हत्या की गई और फिर शव को यहां लाकर जला दिया गया। शरीर का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा जला हुआ है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और ग्रामीण स्तर पर भी उसकी पहचान नहीं हो रही है। FSL (फोरेंसिक साइंस लैब) टीम को बुलाया गया है, जिसने घटनास्थल से नमूने एकत्र कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेजा जाएगा।



### बारात की गाड़ी से लूटपाट, हथियारबंद बदमाशों ने ड्राइवरों को पीटा, ज्वेलरी-कार लेकर भागे

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक बारात की गाड़ी से लूटपाट हुई। रामपुर श्यामचंद भट्ठी के पास एक दर्जन से अधिक हथियारबंद बदमाशों ने बारात जा रही कार और स्कॉर्पियो को रोका। बदमाशों ने ड्राइवरों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया और डेढ़ लाख रुपये के गहने, सोने के लॉकेट व एक स्कॉर्पियो लूटकर फरार हो गए। यह घटना सोमवार रात करीब 11:30 बजे हुई। पटना के कंगनघाट से बुद्धू राय के लड़के की बारात सैदाबाद निवासी भोला राय के यहां जा रही थी। हेमतपुर के भरत चौक से उजला सफारी गाड़ी और बाइक सवार बदमाशों ने बारात की गाड़ियों का पीछा करना शुरू कर दिया था। रामपुर भट्ठी स्थित ईंट भट्ठे के पास बदमाशों ने दूल्हे को ले जा रही गाड़ी को रोक लिया। उन्होंने ड्राइवर रामकृष्ण कुमार और सूरज कुमार के साथ पिस्टल की बट व फाइटर से मारपीट की। इस दौरान दूल्हा मारपीट देख गाड़ी से उतरकर भाग निकला। बदमाशों ने कार में रखे बैग से करीब डेढ़ लाख रुपये के गहने, दोनों ड्राइवरों के गले में पहने सोने के बजरंगबली लॉकेट और सूरज कुमार की उजले रंग की स्कॉर्पियो (BR01PK 2437) लूट ली। घटना के बाद ड्राइवरों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल ड्राइवरों को राघोपुर थाना ले गए। पुलिस ने घायल ड्राइवर रामकृष्ण कुमार को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भर्ती कराया। रामकृष्ण कुमार ने बताया कि वह अपने चचेरे साले की शादी में शामिल होने बारात की गाड़ी लेकर जा रहा था। राघोपुर थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि गाड़ी साइड को लेकर मारपीट हुई है और पीड़ित की शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। पुलिस उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

### जमीन विवाद में भतीजे पर रॉड से हमला, वैशाली में चाचा-परिजनों ने किया लहूलुहान, 3 गिरफ्तार

**हाजीपुर**। हाजीपुर के सराय थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर चाचा और उसके परिजनों ने अपने भतीजे पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पौरा मदन सिंह गांव निवासी नाथन सहनी और उनके परिजनों का अपने भतीजे दर्शन सहनी (पिता नरेश सहनी) के साथ जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। सोमवार को यह विवाद बढ़ गया और नाथन सहनी व उनके परिवार के अन्य सदस्यों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से दर्शन सहनी पर हमला कर दिया। रॉड के प्रहार से दर्शन सहनी का सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने घायल दर्शन सहनी को तुरंत इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के बयान के आधार पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने इस हमले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। सराय थाना अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि पौरा मदन सिंह गांव में आपसी जमीन विवाद को लेकर मारपीट की सूचना मिली थी। प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजकर जेल भेजने की प्रक्रिया चल रही है और मामले में आगे की छानबीन जारी है।

# पटना नगर निगम के कर्मियों ने मौर्या लोक में किया प्रदर्शन

## सीएम सम्राट को दी चेतावनी, कहा- 31 जुलाई से बिहार में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे

एजेंसी, पटना



पटना नगर निगम के कर्मी निगम मुख्यालय मौर्या लोक में प्रदर्शन कर रहे। दरअसल, पूरे बिहार के नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के कर्मचारी 30 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। उससे पहले आज सभी नगर निकायों में प्रदर्शन कर रहे। उसके बाद पटना नगर निगम के सभी अंचल पर प्रदर्शन और आमसभा कर कर्मियों को हड़ताल के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के प्रवक्ता जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हम सभी सफाई करने मुख्य तीन भागों को लेकर प्रदर्शन करते हैं। इसमें से पहला मांग दैनिक कर्मियों के नियमति करना, आउटसोर्स व्यवस्था की समाप्ति कर आउटसोर्स कर्मियों का निगमकर्मी के रूप में एडजस्टमेंट, एसीपी और एमएसीपी पर नगर विकास विभाग द्वारा लगाए रोक को वापस लेने की मांग है। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो 31 जुलाई से पूरे बिहार में अनिश्चितकालीन हड़ताल होगी। सफाई कर्मी दुर्गा गोंड ने सीएम सम्राट चौधरी को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, हमारा ये प्रदर्शन सम्राट चौधरी के पगड़ी खोलने वाली बात है। आज वही सफाई कर्मी प्रदर्शन कर रहे तो सबसे ज्यादा बेइज्जत सम्राट चौधरी हो रहे हैं।

**हमलोग ने सरकार को 2 सालों का मौका दिया:** पटना नगर निगम कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश सिंह ने कहा कि हमलोग ने सरकार को दो वर्षों का मौका दिया था। नगर विकास अधिकारी और यूनियन के पदाधिकारी की एक कमिटी बनी थी, जिसमें समान काम का समान वेतन को लेकर बात हुई थी। मगर एक साल से ऊपर हो गया आज तक एक भी बैठक नहीं हुई, जिससे सरकार की मजदूर विरोधी मंशा स्पष्ट है। इसलिए इस बार सरकार को कोई मौका नहीं देना चाहते जब तक मांग पूरा नहीं हो जाता।

**सभी निकाय में 29 जुलाई को मशाल जुलूस निकाला जाएगा:** बिहार के लोकल बॉडीज कर्मचारी अपने अपने क्षेत्र में आमसभा करेंगे। 5 जुलाई को मगध प्रमंडल का गया में, 6 जुलाई को पटना प्रमण्डल का पटना में, 10 जुलाई को तिरहुत प्रमण्डल का मुजफ्फरपुर में, 12 जुलाई को दरभंगा प्रमण्डल का दरभंगा में, 14 जुलाई को मुंगेर प्रमण्डल का बेगूसराय में और फिर कोसी, भागलपुर और पूर्णिया प्रमण्डल में आमसभा किया जाएगा। हड़ताल के पूर्व संध्या पर सभी निकाय में 29 जुलाई को मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

## खगड़िया, समस्तीपुर में झमाझम बारिश, 27 जिलों में अलर्ट

एजेंसी, पटना



बिहार में मानसून एक्टिव है। मंगलवार की सुबह खगड़िया, जमुई में झमाझम बारिश हुई। समस्तीपुर और कटिहार में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने आज 27 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30-40Kmph की रफ्तार से हवा चल सकती है। मौसम विभाग की माने तो 30 जून यानी आज से बारिश की गतिविधियां तेज होंगी। पटना, नालंदा, अरवल और जहानाबाद समेत कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। 1 जुलाई से राज्य में झमाझम बारिश होने की संभावना है।

इधर, सोमवार को बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। सीतामढ़ी में 2 लोगों की जान गई है। 24 से ज्यादा झुलसे हैं। मुंगेर में 15 साल की नाबालिग की बिजली गिरने से मौत हो गई। पटना के बख्तियारपुर में भी एक महिला की मौत हुई है।

**बीते 24 घंटे में कैसा रहा मौसम:** बीते 24 घंटे में बांका, बेतिया, बगहा, कटिहार, खगड़िया, छपरा, रोहतास, कैमूर, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, आरा, सहरसा, मधुबनी, दरभंगा और बक्सर में सुबह बारिश हुई। पटना में कई दिनों के बाद मौसम बदला रहा।

**पटना में सुबह से बादल छाए, ठंडी हवा चल रही, बिजली से 4 लोगों की मौत**

राजधानी में सुबह तेज धूप के बाद अचानक काले बादल छा गए। दिन में अंधेरा छा गया है। तेज हवा के चलते गर्मी से राहत मिली। वहीं पटना के कुछ इलाकों में बारिश भी हुई। कई जिलों के तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

## पटना के पालीगंज में युवक की संदिग्ध मौत

एजेंसी, पटना

पटना में सोमवार देर रात 22 साल के युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हुई है। मृतक की पहचान सरसी गांव निवासी वीरेंद्र राम के बेटे दीपक कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में लग गई।

पुलिस ने पटना एफएसएल की टीम को सूचना दी है। मृतक के पिता वीरेंद्र राम ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे दीपक कुमार की हत्या गांव के ही कुछ लोगों ने जबरदस्ती शराब पिलाकर की है। उन्होंने बताया कि दीपक शाम को गांव के दोस्तों के साथ बाहर गया था और अचानक उसकी मौत की खबर मिली। मामला पालीगंज थानाक्षेत्र के सरसी गांव का है।



**परिजन ने शराब पिलाकर हत्या का लगाया आरोप**

**जांच के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा:** वीरेंद्र राम के अनुसार, हत्या करने के बाद आरोपी शव को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। थानाप्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की देर शाम को पुलिस को सूचना मिली की सरसी गांव में एक युवक की मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस FSL टीम को सूचना दी है।

## कोर्ट ने मांगे हथियार के दस्तावेज, खान सर की एंटीसिपेटरी बेल, गार्ड्स की जमानत याचिका पर सुनवाई 3 को होगी

एजेंसी, पटना

पटना के सिविल कोर्ट में आज कोचिंग विवाद मामले में खान सर की एंटीसिपेटरी बेल याचिका और इनके दोनों गार्ड्स की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी। जो अब 3 जुलाई को होगी। लोक अभियोजक की ओर से कहा गया कि गार्ड्स के पास अवैध हथियार था। दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग की गई। बचाव पक्ष के वकील अरविंद मौआर ने कहा कि हथियार लाइसेंसी है। डॉक्युमेंट्स वगैरह पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसीलिए कोर्ट ने आईओ और लोक अभियोजक से हथियार के डॉक्यूमेंट्स मांगे हैं। 3 जुलाई को आईओ डॉक्यूमेंट्स पेश करेंगे। तब तक खान को अंतरिम सुरक्षा मिलती रहेगी।

**सप्लीमेंट्री एफिडेविट पर आईओ से रिपोर्ट मांगी:** खान पक्ष के वकील अरविंद मौआर ने बताया कि हमने सप्लीमेंट्री एफिडेविट फाइल की थी। जिस पर आईओ से रिपोर्ट मांगी गई है। PP साहब ने लास्ट ओकेजन पर कोर्ट के समक्ष रखा था कि प्रदीप कुमार का लाइसेंस परमिट सिर्फ यूपी तक है। इसके संबंध में ऑथोरिटी डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट यूपी के द्वारा जारी ट्रेवलिंग लाइसेंस से संबन्धित डॉक्यूमेंट्स मैंने दाखिल किया है। जो यूपी, हरियाणा, दिल्ली, बिहार के लिए इश्यू है। उसके वैरिफिकेशन के लिए इन्वेस्टिगेशन पदाधिकारी को रिपोर्ट कॉल किया गया है। आने के बाद अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी



**दोनों बॉडीगार्ड्स के हथियार वेरिफिकेशन में हुए खुलासे:** बता दें कि पटना पुलिस की जांच में फैजल खान (खान सर) के दोनों बॉडीगार्ड्स के हथियारों के वेरिफिकेशन के दौरान अहम जानकारियां सामने आई थीं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस हथियार से गोली चलवाई गई थी, वह तालेबर सिंह (34), निवासी कासगंज (उत्तर प्रदेश) का है, लेकिन उसके नाम पर जारी हथियार लाइसेंस का परमिट पूरे भारत के लिए मान्य नहीं पाया गया। आरोप है कि उतर प्रदेश से बिहार में हथियार लेकर आने, हथियार लेकर सुरक्षा ड्यूटी करने के लिए तालेबर सिंह के पास वैध अनुमति नहीं थी। फिर भी वह बिहार में बॉडीगार्ड की नौकरी कर रहा था। पुलिस ने फायरिंग में इस्तेमाल किए गए हथियारों और उनके लाइसेंस की जांच के बाद कई बिंदुओं को अपडेटेड केस डायरी में शामिल किया है।

**थाने को नहीं दी सूचना, वेरिफिकेशन भी नहीं कराया:** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, तालेबर सिंह गैर कानूनी तरीके से हथियार लेकर बिहार में बॉडीगार्ड की नौकरी कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया है कि बिहार में हथियार के साथ नौकरी करने की जानकारी स्थानीय प्रशासन, आर्म्स मजिस्ट्रेट या संबंधित थाने को नहीं दी गई थी, जो कानूनन अपराध है। बिना आवश्यक अनुमति के हथियार लेकर बिहार में काम करना कानून के दायरे में जांच का विषय है।

खान सर ने तालेबर सिंह को बॉडी गार्ड के तौर पर हायर किया, उन्होंने भी कभी इसका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया। अपने साथ अवैध हथियार लेकर घूमते रहे फायरिंग भी करवा दी, जबकि उन्हें एक रिस्पॉन्सिबल व्यक्ति होने के चलते कानूनी प्रक्रिया को पूरी करनी चाहिए थी।

## पटना में झारखंड के कारोबारी का अपहरण, 4 गिरफ्तार, घर से बुलाकर गाड़ी में बैठाकर ले गए

एजेंसी, पटना

**रुपए के लेन-देन को लेकर विवाद**




पटना में झारखंड के कारोबारी उपेंद्र सिंह का सोमवार को अपहरण हो गया था, पुलिस ने उनको बरामद कर लिया है। इस मामले में 4 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पत्नी ने शास्त्रीनगर थाने में शिकायत की थी। बताया गया कि आरोपी पति को कब्जे में रखकर रुपए की डिमांड कर रहे थे। जिसके बाद पुलिस एक्टिव हुई। SDPO-2 के निर्देश पर टीम बनी। जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित को बरामद कर लिया। जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने मिलने के लिए बुलाया था। जब मैं घर से बाहर आया तो गाड़ी में बैठाकर मेरा अपहरण कर लिया। कर्ज में कुछ रुपए लिए थे। जिसे मैंने चुका दिया था। इसके बाद भी मुझे धमकाया जा रहा था। मामला शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के AG कॉलोनी का है।

**पुलिस कर रही पूछताछ:** SDPO 2 सचिवालय साकेत कुमार पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने घटना की पूरी जानकारी ली है। पूछताछ के दौरान पूरी कॉन्सपिरेसी निकल कर सामने आई है। हालांकि मामला लेन देन से जुड़ा है। आरोपी पीड़ित को कमजोर और बाहरी समझकर प्रताड़ित कर रहे थे, ऐसी जानकारी अभी तक कि पूछताछ में आई है।

सचिवालय SDPO 2 साकेत कुमार ने बताया कि 29 जून को उपेंद्र सिंह, जो शिक्षक हैं, उनके अपहरण की शिकायत शास्त्रीनगर थाने में की गई थी। इन्वेस्टिगेशन के दौरान पता चला कि सासाराम कोचस के रहने वाले सोनू कुमार से उपेंद्र सिंह ने किसी काम के लिए 13 से 14 लाख रुपए लिए थे।

जिसे वापस नहीं कर रहे थे। आरा से सोनू ने अपने 3 साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया। वहां से सासाराम जीटी रोड से ले जा रहे थे। जिनकी रिकवरी कैमूर जिला अंतर्गत कुदरा से किया गया है। फिलहाल 4 आरोपियों को अरेस्ट किया गया है।

## बख्तियारपुर शहर का नाम पंडित शीलभद्र याजी करने की मांग

एजेंसी, पटना

बख्तियारपुर शहर का नाम बदलने की मांग को लेकर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के करीबी रहे स्वतंत्रता सेनानी पंडित शीलभद्र याजी के नाम पर बख्तियारपुर शहर का नामकरण करने की अपील की।

परिजनों के अनुसार, यह मांग आजादी की 50वीं वर्षगांठ पर 1997 में ही केंद्र सरकार को भेजी गई थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने इस पर अपनी सहमति दी थी और बिहार के तत्कालीन राज्यपाल सरदार बूटा सिंह ने भी 'पंडित शीलभद्र याजी नगर' नाम के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) जारी किया था।

हालांकि, स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों की यह पुरानी मांग तब से गृह मंत्रालय में लंबित है। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से इस मांग पर जल्द विचार करने का आग्रह किया है। प्रोटेस्ट शीलभद्र याजी के समाधी स्थल पर किया गया।



**मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन तेज होगा:** परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई, तो एक व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। कुणाल किशोर ने कहा कि सरकार की निष्क्रियता के कारण इस मामले में देरी हो रही है। उत्तराधिकारी दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि वे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को उनकी जिम्मेदारी याद दिलाने के लिए धरने पर बैठे हैं, और जनता की यही मांग है।

## राबड़ी आवास खाली करने को लालू परिवार ने मांगी मोहलत

एजेंसी, पटना

पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने की समय-सीमा सोमवार को समाप्त हो गई। सरकार ने उन्हें सात दिनों के भीतर बंगला खाली करने का नोटिस दिया था। हालांकि, राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर 5 जुलाई तक आवास खाली करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा है। फिलहाल यह तय नहीं है कि लालू परिवार का अगला ठिकाना क्या होगा। 10 सर्कुलर रोड स्थित राबड़ी आवास से अधिकांश सामान शिफ्ट किया जा चुका है।

वहीं, तेजस्वी यादव ने भी सोमवार को यह आवास खाली कर दिया और 1 पोलो रोड स्थित अपने सरकारी आवास में शिफ्ट हो गए हैं। पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी गई है, उसमें कहा गया है कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया जा सका है। इस रजिस्टर में उनसभी सामानों की लिस्ट दर्ज है, जिन्हें इस बंगले में शिफ्ट होते वक्त राबड़ी देवी को उपलब्ध करवाया गया था। ये चार्ज रजिस्टर राबड़ी देवी को साल 2006 में उपलब्ध करवाया गया था।



**सरकार ने 29 जून तक का ही दिया था वक्त, सामान की शिफ्टिंग जारी, लिस्ट पर फंसा मामला**

## 'बाढ़ और सूखे से निपटने का पूरा रोडमैप तैयार'

एजेंसी, पटना

बिहार के उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने राज्य सरकार के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर सरकार की उपलब्धियों, विकास कार्यों, बाढ़ और संभावित सूखे की तैयारियों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने शुरुआती 100 दिनों में ही जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता साबित की है और बिहार की जनता ने 2025-30 के लिए एनडीए को जो जनादेश दिया है, सरकार उसी के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से एनडीए की सरकार नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास और सुशासन की दिशा में कार्य करती रही है। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद उनके अनुरोध पर भाजपा ने सरकार बनाई और सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री बने।

**केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय कर काम कर रहे सम्राट:** विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद सम्राट चौधरी ने हर मंच से स्पष्ट किया कि सरकार नीतीश कुमार के "न्याय के साथ विकास" और सुशासन की नीति को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी केंद्र सरकार के साथ बेहतर समन्वय बनाकर बिहार के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं और विकास की गति को लगातार तेज किया जा रहा है। राज्य की जनता सरकार के कार्यों से संतुष्ट है और विकास के सकारात्मक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।



जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि विभाग ने इस वर्ष संभावित बाढ़ और अल्पवृष्टि दोनों परिस्थितियों से निपटने की व्यापक तैयारी कर ली है। बिहार में केवल स्थानीय बारिश से ही बाढ़ नहीं आती, बल्कि नेपाल और झारखंड में अधिक वर्षा होने पर भी राज्य में गंभीर बाढ़ की स्थिति बन जाती है। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार में नेपाल में होने वाली बारिश के कारण घाघरा, गंडक, कोसी और महानंदा जैसी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ जाता है, जबकि दक्षिण बिहार में झारखंड में अधिक वर्षा होने पर नदियां उफान पर आ जाती हैं। पिछले वर्ष नालंदा, जहानाबाद सहित दक्षिण बिहार के कई जिले बाढ़ से अधिक प्रभावित हुए थे, लेकिन इस वर्ष फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। विजय चौधरी ने कहा कि सरकार ने नई योजना के तहत बाढ़ के दौरान अतिरिक्त पानी को नहरों और अन्य माध्यमों से जलाशयों में संग्रहित करने की व्यवस्था शुरू की है। इस संग्रहित पानी का उपयोग बाद में अल्पवृष्टि या सूखे की स्थिति में किसानों को सिंचाई के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। विभाग का उद्देश्य केवल बाढ़ नियंत्रण नहीं, बल्कि हर परिस्थिति में किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा कि मौसम वैज्ञानिक एल नीनो के प्रभाव की आशंका जता रहे हैं, हालांकि मौसम संबंधी भविष्यवाणियां समय-समय पर बदलती रहती हैं। अपेक्षित बारिश नहीं होने के कारण सरकार किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### आज से मोतिहारी में फिर शुरू होगा डे कोर्ट, अधिवक्ताओं के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

**जिला विधिज्ञ संघ का निर्देश, सुबह 10:30 से दोपहर 2:30 बजे तक दर्ज होगी उपस्थिति**

**बीएनएम@ मोतिहारी**। जिला विधिज्ञ संघ, मोतिहारी की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार आज (1 जुलाई 2026) से न्यायालय में डे कोर्ट की व्यवस्था फिर से लागू हो रही है। इसके साथ ही न्यायालय का संचालन पूरे दिन पूर्ववत ढंग से किया जाएगा। संघ के महासचिव राजीव कुमार द्विवेदी ने बताया कि अधिवक्ताओं की उपस्थिति दर्ज करने के लिए संघ परिसर में स्थापित बायोमेट्रिक मशीन भी पहले की तरह कार्यरत रहेगी। सभी अधिवक्ता सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे के बीच अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। जिला विधिज्ञ संघ ने सभी अधिवक्ताओं से समय का पालन करते हुए न्यायिक कार्यों में नियमित भागीदारी सुनिश्चित करने और निर्धारित अवधि में बायोमेट्रिक मशीन पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

### अनु. जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अनुश्रवण सह सतर्कता समिति की बैठक आयोजित



**बीएनएम@ रक्सौल**। अनुमंडल सभागार में मंगलवार को अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अनुश्रवण सह सतर्कता समिति तथा मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 से संबंधित बैठक अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने समिति के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई कर उनका निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों को अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार से जुड़े लंबित मामलों में शीघ्र चार्जशीट दाखिल कर मामलों का समयबद्ध निष्पादन करने का आदेश दिया। बैठक के दौरान अत्याचार निवारण से जुड़े मामलों के अलावा वासभूमि, आवास तथा जनसामान्य से संबंधित अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को इन मामलों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद, रामगढ़वा, रक्सौल, आदापुर एवं छौड़ादानो के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी, हरैया, रक्सौल, रामगढ़वा, दरपा, आदापुर एवं पलनवा के थानाध्यक्ष, प्रभारी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, नगर विभाग के पदाधिकारी, रंजीत कुमार सहित समिति के सदस्य एवं अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे।

### हर घर नल का जलः रामगढ़वा में अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान के नियमों में बदलाव




**बीएनएम@ रामगढ़वा, विजय कुमार**। प्रखंड प्रशासन ने 'हर घर नल का जल' योजना के सुचारू संचालन और अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा जारी निर्देश के अनुसार अब अनुरक्षकों को मानदेय का भुगतान सीधे नहीं किया जाएगा, बल्कि संबंधित ग्राम पंचायतों के माध्यम से भुगतान की प्रक्रिया पूरी होगी। नई व्यवस्था के तहत सभी अनुरक्षकों को 1000 रुपये के स्टैम्प पेपर पर एक औपचारिक एकरारनामा करना अनिवार्य होगा। इस एकरारनामा में उन्हें यह लिखित सहमति देनी होगी कि वे योजना का नियमित संचालन, निर्बाध जलापूर्ति तथा योजना के लिए उपलब्ध कराई गई भूमि से संबंधित अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह निर्वहन करेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वार्ड सदस्य महेंद्र पंडित, नूरजहाँ खातून, राजेश कुँवर, ललन सिंह, वीरेंद्र पासवान, संजय कुमार दास और विनोद साह को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते हुए निर्धारित नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पटना स्थित राज्य मुख्यालय से एकरारनामा का आधिकारिक मानक प्रारूप प्राप्त होने तक किसी भी अनुरक्षक को मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी चेतावनी दी गई है कि निर्धारित प्रक्रिया का उल्लंघन कर सीधे भुगतान करने की किसी भी स्थिति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में सभी वित्तीय लेनदेन केवल निर्धारित नियमों के अनुरूप और पंचायत के माध्यम से ही किए जाएंगे।

### हरसिद्धि पुलिस के विशेष समकालीन अभियान में 10 गिरफ्तार, हत्या के प्रयास व शराब कारोबार के आरोपित भी शामिल



**बीएनएम@ हरसिद्धि**। पुलिस ने विशेष समकालीन अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न कांडों एवं वारंट के मामलों में कुल 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास के मामले की अभियुक्त सुनैना देवी (पति अखिलेश्वर प्रसाद), निवासी सेवराहा भी शामिल हैं। वह हरसिद्धि थाना कांड संख्या 433/25 में नामजद थीं। इसके अलावा बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में शराब कारोबार के आरोपित बदन पासवान (निवासी भादा) तथा रवि साह उर्फ रवि कुमार (निवासी पैठानपट्टी) को भी गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने कुर्की वारंट के मामले में ओलाहा निवासी तारबाबू प्रसाद, उजाला देवी तथा उर्मिला देवी को भी गिरफ्तार किया। वहीं एनडीपीएस एक्ट के मामले में उज्जैन लोहियर निवासी ध्रुप साह को गिरफ्तार किया गया। शराब पीकर हंगामा करने के मामले में सेवराहा निवासी भोला प्रसाद एवं अमिताभ रंजन सिंह तथा दुदही निवासी मो. अख्तर अंसारी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत] में भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि अपराधियों, शराब कारोबारियों और वारंटियों के विरुद्ध विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# डॉक्टर दिवस विशेषः जब 'मारंग बाबा' बने चम्पारण के जनप्रिय चिकित्सक डॉ. लम्बोदर मुखर्जी

**विश्वजीत मुखर्जी**

स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अनेक ऐसे नाम हैं, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए संघर्ष करने के साथ-साथ समाज सेवा का भी अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। ऐसे ही व्यक्तित्व थे चम्पारण के सुप्रसिद्ध होम्योपैथ चिकित्सक और स्वतंत्रता सेनानी डॉ. लम्बोदर मुखर्जी, जिन्हें संथाल परगना में लोग प्रेम से "मारंग बाबा" के नाम से जानते थे।

अंग्रेज़ों के विरुद्ध सफाहोड़ आंदोलन का सफल नेतृत्व करने के बाद लम्बोदर मुखर्जी संथाल परगना में जननायक बन चुके थे। उनके सहयोग से कांग्रेस ने दुमका, राजमहल, देवघर और आसपास के क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत की। बाद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने भी उनके सहयोग से संथाल परगना में फॉरवर्ड ब्लॉक का संगठन खड़ा किया, जिसकी पहली अध्यक्ष उनकी पत्नी उषा रानी मुखर्जी बनीं।

ब्रिटिश सरकार की निगाहों में लम्बोदर मुखर्जी प्रमुख क्रांतिकारी थे। 1930 के दशक के अंतिम वर्षों में उन्हें दुमका में गिरफ्तार कर नजरबंद अवस्था में मोतिहारी भेज दिया गया। उसी समय उत्तर बिहार टाइफाइड महामारी से जूझ रहा था।

मोतिहारी पहुंचने पर उन्हें पुलिस थाने लाया गया, जहां पास के सरकारी आवास से रोने की आवाज़ें आ रही थीं। पता चला कि दारोगा का इकलौता पुत्र टाइफाइड से गंभीर रूप से बीमार है और चिकित्सकों ने उम्मीद छोड़ दी है। लम्बोदर मुखर्जी ने स्वयं उपचार करने का आग्रह किया। हथकड़ियों में बंधे हाथों से उन्होंने पूरी रात



दवा दी और सुबह तक बच्चे की हालत में चमत्कारिक सुधार हो गया। इस घटना ने उन्हें पूरे इलाके में एक कुशल चिकित्सक के रूप में पहचान दिलाई।

इसके बाद मोतिहारी में उन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सा की शुरुआत की। जिस भवन में उनका चिकित्सालय संचालित होता था, वही स्थान बाद में शहर के प्रसिद्ध होटल पैराडाइज के रूप में जाना गया। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण उन्हें फिर गिरफ्तार कर पहले मोतिहारी और बाद में हज़ारीबाग जेल भेजा गया।

दिलचस्प तथ्य यह है कि डॉ. लम्बोदर मुखर्जी के पास प्रारंभ में होम्योपैथी की कोई औपचारिक डिग्री नहीं थी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वे मिहिजाम के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. परेश बनर्जी के यहां कंपाउंडर के रूप में रहे। वहीं उन्होंने होम्योपैथी की पुस्तकों का गंभीर अध्ययन किया और चिकित्सा का व्यावहारिक ज्ञान अर्जित किया। बाद में डॉ. परेश बनर्जी ने उन्हें विधिवत होम्योपैथी चिकित्सा करने का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

आज़ादी के बाद डॉ. लम्बोदर मुखर्जी बिहार होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में शामिल हुए और लंबे समय तक उसके अध्यक्ष रहे। उन्होंने अपनी स्वतंत्रता सेनानी पेंशन का बड़ा हिस्सा गरीबों के इलाज में लगाया और जीवनभर निर्धन मरीजों से न दवा का मूल्य लिया, न इलाज का शुल्क।

डॉक्टर दिवस के अवसर पर डॉ. लम्बोदर मुखर्जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सर्वोच्च सेवा का माध्यम है।

## अंतर्राज्यीय अपराधियों पर मोतिहारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हथियार व कारतूस के साथ पांच गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी**

छतौनी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय अपराधी गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, छह मोबाइल फोन तथा दो नंबर प्लेट बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 30 जून 2026 को सूचना मिली थी कि छतौनी थाना क्षेत्र स्थित होटल सिटी इंटरनेशनल के पीछे बड़ी बरियारपुर में चार से पांच संदिग्ध अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित छापेमारी कर पांचों आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झारखंड के गंजम (ओडिशा) निवासी अजेड अजित, डी. गांधी, मकला दिलीप, जीत प्रधान तथा किशोर प्रधान के रूप में हुई है। बरामद सामान में एक पिस्टल, एक देशी कट्टा, आठ जिंदा कारतूस, दो मोटरसाइकिल, छह मोबाइल फोन और दो नंबर प्लेट शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध छतौनी थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है। मुख्य आरोपी अजेड अजित के खिलाफ अरुणाचल प्रदेश, बालीगुड़ा, रघुनाथपुर, बरहमपुर नगर, गोपालपुर तथा निराकपुर थानों में हत्या, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के कई मामले दर्ज हैं। डी. गांधी पर भी बरहमपुर नगर, बालीगुड़ा, गोपालपुर, निराकपुर, अंबुल और अस्का थानों में कई आपराधिक कांड दर्ज हैं। वहीं मकला दिलीप के खिलाफ बरहमपुर नगर और जगन्नाथ रोड थाना में तथा जीत प्रधान के विरुद्ध खजियापाड़ा थाना में आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। इस छापेमारी दल में सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पूर्णिया ओपी प्रभारी रवि सिंह, छतौनी थानाध्यक्ष, अपर थानाध्यक्ष, जिला आसूचना इकाई तथा एसआईबी की टीम के अधिकारी एवं जवान शामिल थे। पुलिस पूरे गिरोह के नेटवर्क और अन्य आपराधिक गतिविधियों की भी जांच कर रही है।

## हरसिद्धि आर्म्स एक्ट मामले में आरोपी को तीन वर्ष की सजा, सात हजार रुपये जुर्माना

**बीएनएम@ मोतिहारी**



**मोतिहारी**। हरसिद्धि थाना में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में न्यायालय ने त्वरित सुनवाई करते हुए आरोपी को तीन वर्ष के कारावास और सात हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला मोतिहारी पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों एवं चार्जशीट के आधार पर दिया गया। मोतिहारी पुलिस के अनुसार, जेएम-1 सुमिता रंजन की अदालत ने हरसिद्धि थाना कांड संख्या 664/24 (टीआर संख्या 717/25) में आरोपी अमित कुमार, पिता सुरेश पासवान, निवासी मुंशी बाजार, थाना हरसिद्धि, जिला पूर्वी चंपारण को दोषी करार दिया। अदालत ने आरोपी को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) के तहत दो वर्ष के कारावास एवं 5,000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 26 आर्म्स एक्ट के तहत एक वर्ष के कारावास एवं 2,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। दोनों सजाओं को मिलाकर आरोपी को कुल तीन वर्ष का कारावास और 7,000 रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। इस मामले में अभियोजन पदाधिकारी अजित प्रताप सिंह ने प्रभावी पैरवी की। मोतिहारी पुलिस ने इसे सशक्त अनुसंधान और प्रभावी अभियोजन का परिणाम बताते हुए कहा कि अपराधियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी।

## महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में हिन्दू अध्ययन से एमए पाठ्यक्रम शुरू, 2026-27 सत्र से मिलेगा प्रवेश

**बीएनएम@ मोतिहारी**

महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से हिन्दू अध्ययन (एमए) का दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप भारतीय ज्ञान परम्परा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरम्भ किया जा रहा है। यूजीसी से इसकी स्वीकृति मिल चुकी है और इसमें कुल 33 सीटें निर्धारित की गई हैं। इस पाठ्यक्रम में वेद, उपनिषद, गीता, पुराण, रामायण, महाभारत, भारतीय दर्शन, धर्मशास्त्र, मंदिर स्थापत्य, संस्कृत साहित्य तथा आधुनिक संदर्भों में हिन्दू परम्परा का अध्ययन कराया जाएगा। इसके साथ ही तुलनात्मक धर्म अध्ययन, पांडुलिपि विज्ञान, पुरालेख अध्ययन और तीर्थ एवं मंदिरों के क्षेत्रीय सर्वेक्षण जैसे व्यावहारिक पहलुओं को भी शामिल किया गया है। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह ने कहा कि हिन्दू अध्ययन केवल धार्मिक शिक्षा नहीं, बल्कि भारतीय दर्शन, संस्कृति, विज्ञान,



कला, पर्यावरण, अर्थशास्त्र और समाजशास्त्र को समग्र रूप से समझने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस पाठ्यक्रम को अंतःविषय स्वरूप दिया गया है, जिससे विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन सहित किसी भी संकाय के स्नातक छात्र इसमें प्रवेश ले सकेंगे। उनका कहना है कि यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को भारतीय बौद्धिक परम्परा की गहन समझ देने के साथ शोध और वैश्विक स्तर पर अकादमिक योगदान के लिए तैयार करेगा। विश्वविद्यालय के अनुसार इस पाठ्यक्रम से शिक्षण, शोध, सिविल सेवा, संस्कृति मंत्रालय, पुरातत्व, संग्रहालय, मीडिया, प्रकाशन, सांस्कृतिक पर्यटन और हेरिटेज कंसल्टेंसी जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रवेश CUET-PG स्कोर तथा विश्वविद्यालय स्तर की काउंसिलिंग के आधार पर होगा। किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर सकेंगे।

## वाहन जांच में चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@ मोतिहारी**

पहाड़पुर थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 30 जून को पहाड़पुर थाना क्षेत्र के ननैया पश्चिमी टोला में वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल की एचएचडी मशीन से जांच की गई। जांच में वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर और चेचिस नंबर अलग-अलग पाए गए, जिससे मोटरसाइकिल चोरी की होने का संदेह हुआ। मौके से चालक रामबाबू पासवान को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गोल्डेन कुमार के घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दो अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गईं, जिनमें से एक मोटरसाइकिल बैरिया थाना कांड संख्या 59/19 में चोरी की दर्ज थी। मौके से गोल्डेन कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि मोटरसाइकिलों की चोरी बैरिया थाना क्षेत्र से की गई थी। इस संबंध में पहाड़पुर थाना कांड संख्या 382/26 दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पहाड़पुर थाना क्षेत्र के एकडेरवा निवासी रामबाबू पासवान तथा सरहटा बनवा टोला निवासी गोल्डेन कुमार के रूप में हुई है। इस कार्रवाई में पहाड़पुर थानाध्यक्ष अजय कुमार, अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार रंजन सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल रहे।

# मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, भंडारण, परिवहन एवं इसके सेवन के विरुद्ध नियमित छापामारी करें- जिलाधिकारी

**बीएनएम@ मोतिहारी**

जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की संयुक्त अध्यक्षता में (NCORD) नार्को-कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन शहर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में मंगलवार को किया गया। उक्त बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, इसके भंडारण एवं परिवहन तथा मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित कार्रवाई की जाए एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। जिला के सीमावर्ती अनुमंडल खासकर रक्सौल तथा ढाका के क्षेत्र में पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (एस.एस.बी) के पदाधिकारियो के द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए संयुक्त छापामारी अभियान नियमित संचालित किया जाए। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, जिला परिवहन पदाधिकारी निवेदिता कुमारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार, समादेष्टा 71वीं बटालियन, 20वीं बटालियन एवं 47वीं बटालियन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी औषधि नियंत्रक, जिला कृषि पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अधीक्षक मद्दय निषेध,क्षडीपीओ आईसीडीएस, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी तथा प्रतिनिधि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मोतिहारी उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित कमांडेंट 47वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल रक्सौल के द्वारा बताया गया कि पुलिस के साथ सशस्त्र सीमा बल की ज्वाइंट ऑपरेशन में



पिछले एक माह में गांजा, स्मैक चरस पकड़ा गया है। इस बीच दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है। सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने एवं अंतर जिला समन्वय को और सुदृढ़ करने पर बोल दिया गया है। कमांडेंट 71वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी के द्वारा बताया गया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से नार्कोटिक्स के 06 केश दर्ज कराए गए हैं और सात व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है।उन्होंने बताया कि ड्रग्स दुकानों पर भी छापेमारी की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उर्वरक के अवैध व्यापार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले 01 अप्रैल 2036 से अभी तक जिला में 439 छापेमारी की गई है इस दौरान 20 मामलों में अनियमितता पाई गई जिसमें 8 के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। पिछले एक माह में पांच दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द की गई है तथा पांच दुकानों की अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया है। इस बीच 08 उर्वरक विक्रेताओं से स्पष्टीकरण मांगा गया है। बैठक में उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल, अनुमंडल पदाधिकारी ढाका एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के द्वारा भी की इस माह की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि सीमा सुरक्षा बल स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर तस्करी विरुद्ध अभियान चलाए। जिला कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि बॉर्डर एरिया में खाद के दुकानों के स्टॉक वेरिफिकेशन नियमित रूप से किया जाए। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में नया लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है और जांच कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि चार-पांच लोगों को चिन्हित किया गया है जो बार-बार गड़बड़ी कर रहे हैं। उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई के लिए पुलिस प्रशासन के साथ अभियान चला कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि निरोधात्मक कार्य में लगे हुए पदाधिकारी स्थानीय थाना को सूचना निश्चित रूप से दें और एक दूसरे के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का चलन युवा वर्ग में तेजी से बढ़ रहा है जिसका उनके स्वास्थ्य,उनके परिवार और समाज पर इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। इसके विरुद्ध जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई अपेक्षित है।

## संक्षिप्त समाचार

### योगापट्टी प्रखंड सभागार मे बीस सूत्री सदस्यों की हुई बैठक

**खाद्य आपूर्ति, नलजल, यूरिया और जनकल्याण योजनाओं का छाया रहा मुद्दा**

**बीएनएम@ योगापट्टी** : मंगलवार दिन को योगापट्टी प्रखंड कार्यलय मे स्थित सभागार मे बीस सूत्री अध्यक्ष संतोष चौधरी की अध्यक्षता मे प्रखंड विकास पदाधिकारी शशिभूषण कुमार और अन्य प्रखंड कर्मियों के साथ दोपहर बारह बजे से एक बैठक का आयोजन किया गया,इस बीस सूत्री बैठक मे प्रखंड मे हो रहे सभी विकास कार्यों पर सभी सदस्यों के समक्ष विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया और आगामी होने वाले विकास कार्यों पर सभागार मे मौजूद सभी पदाधिकारी,प्रखंड कर्मी और सदस्यों के बीच समन्वय समीक्षा किया गया, साथ ही खाद्य आपूर्ति, नलजल, जी राम जी, यूरिया, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आवास योजना, आंगनवाड़ी, और जीविका सम्बंधित इत्यादि योजनाओं मे हो रहे भ्रष्टाचार पर विस्तार पूर्वक चर्चाहुई। इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष शम्भू कुशवाहा, सर्वेश कुमार उर्फ़ राजकुमार चौधरी, सदस्य इंद्रजीत ठाकुर, शम्भू प्रसाद, जनार्दन पाण्डेय, सुदामा पाल, लालबाबू पासवान, अंसार मियाँ, उमा देवी और सांसद प्रतिनिधि प्रहलाद कुशवाहा शामिल रहे ।

### महाराष्ट्र टीईटी पेपर लीक में बिहार कनेक्शन

**पटना से मास्टरमाइंड की पत्नी गिरफ्तार, मुख्य आरोपी अब भी फरार**

**बीएनएम@ पटना/मुंबई**। महाराष्ट्र शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पेपर लीक मामले की जांच अब बिहार तक पहुंच गई है। ठाणे पुलिस ने पटना से मुख्य आरोपी बताए जा रहे बिजेंद्र कुमार गुप्ता की पत्नी सुमन कुमारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर की गई है। जांच में समस्तीपुर निवासी बिजेंद्र कुमार गुप्ता को इस पूरे नेटवर्क का कथित मास्टरमाइंड बताया गया है, जबकि वह अभी भी फरार है। पुलिस के अनुसार बिजेंद्र कुमार गुप्ता की तलाश में महाराष्ट्र पुलिस की टीमें बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में लगातार छापेमारी कर रही हैं। जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क और उससे जुड़े लोगों की भूमिका की गहन जांच कर रही हैं। शुरुआती जांच में मिले इनपुट के आधार पर पटना में कार्रवाई की गई और सुमन कुमारी को गिरफ्तार किया गया। अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि नेटवर्क के संचालन, संपर्क और आर्थिक लेनदेन में उनकी क्या भूमिका रही। इससे पहले भिवंडी पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पूछताछ के दौरान बिजेंद्र कुमार गुप्ता का नाम सामने आने के बाद जांच का दायरा कई राज्यों तक बढ़ा दिया गया। जांच एजेंसियां मोबाइल कॉल रिकॉर्ड, बैंक खातों के लेनदेन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की भी जांच कर रही हैं ताकि पूरे रैकेट की संरचना और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा सके। पुलिस का दावा है कि बिजेंद्र कुमार गुप्ता का नाम इससे पहले भी कई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामलों में सामने आ चुका है। पेपर लीक के आरोप सामने आने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने 28 जून को प्रस्तावित TET-2026 परीक्षा स्थगित कर दी थी।

### शादी में बाराती बनकर करते थे लाखों की चोरी, जीजा-साले समेत तीन गिरफ्तार

**बीएनएम@ मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो शादी समारोहों में बिन बुलाए मेहमान बनकर पहुंचता था और मौका मिलते ही लाखों रुपये के गहने व नकदी चोरी कर फरार हो जाता था। पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने महज दो दिनों में करीब 60 लाख रुपये की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सीतामढ़ी जिले के बेलसंड निवासी राजेश कुमार साह, उसके भाई अमित कुमार और उनके जीजा गोपाल साह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी महंगे सूट-बूट पहनकर और माथे पर चंदन का टीका लगाकर शादी समारोह में शामिल होते थे, जिससे कोई उन पर शक नहीं करता था। समारोह में प्रवेश करने के बाद वे पहले पूरे परिसर की रेकी करते थे और उन कमरों की पहचान करते थे, जहां मेहमान अपने बैग और कीमती सामान रखते थे। मौका मिलते ही वे बैग से नकदी और जेवर निकालकर चुपचाप फरार हो जाते थे। जांच में सामने आया कि 22 जून को मुजफ्फरपुर क्लब में आयोजित एलएस कॉलेज की प्राचार्य प्रो. कनुप्रिया के बेटे के रिसेप्शन से गिरोह ने करीब 50 लाख रुपये के गहने और नकदी चुरा लिए थे। इससे एक दिन पहले 21 जून को अहियापुर थाना क्षेत्र के एक विवाह भवन से भी करीब 11 लाख रुपये के जेवर और नकदी चोरी की गई थी। पुलिस ने बताया कि गिरोह का सदस्य अमित कुमार सीतामढ़ी में ज्वैलरी की दुकान चलाता है। चोरी के जेवर उसी दुकान पर लाकर गलाए जाते थे, ताकि उनकी पहचान मिटाई जा सके। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि बड़ी चोरी के बाद उन्होंने सबसे पहले अपने पुराने कर्ज चुकाए। इससे पहले वे मोबाइल और पर्स जैसी छोटी-मोटी चोरियों में संलिप्त थे। मामले का खुलासा सीसीटीवी फुटेज की मदद से हुआ। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान कर नगर थाना क्षेत्र से तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी निशानदेही पर ज्वैलरी दुकान से चोरी के जेवर भी बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी राजेश कुमार साह का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2014 का हत्या का मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों, दूसरे जिलों में इनके नेटवर्क और संभावित अन्य वारदातों की भी जांच कर रही है।

### युवक पर नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप

**बीएनएम@ गयाजी**। जिले के बांके बाजार एक युवक पर कई नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनके साथ दुष्कर्म करने और फिर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का गंभीर आरोप लगा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी रेहान मियां ने कई हिंदू नाबालिग लड़कियों को अपना निशाना बनाया। उसने लड़कियों के साथ अश्लील वीडियो बनाए और उन्हें वायरल कर दिया। एक वीडियो पीड़िता के भाई के पास पहुँचा, तो परिवार को घटना की जानकारी हुई. इसके बाद, पीड़ित लड़की के भाई ने बांकेबाजार थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई। एसएसपी सुशील कुमार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए बताया कि पीड़िता के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इसमें पॉक्सो एक्ट समेत कई सख्त धाराएं जोड़ी हैं। एसएसपी श्री कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह साफ है कि लड़की नाबालिग है और उसे बहला-फुसलाकर यह घिनौनी हरकत की गई है। आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

### गंडक नदी का बढ़ा जलस्तर, गौतम बुद्ध सेतु के एक नंबर पिलर में कटाव शुरू

**बीएनएम@ बगहा** : गंडक नदी के जलस्तर में हल्की वृद्धि के साथ ही धनहा गौतम बुद्ध सेतु के एक नंबर पिलर के निचले हिस्से में नदी का कटाव शुरू हो गया है। हालांकि फिलहाल कटाव की रफ्तार काफी धीमी बताई जा रही है, लेकिन कटाव को लेकर आसपास के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि यदि जलस्तर लगातार बढ़ता रहा और समय रहते प्रभावी उपाय नहीं किए गए, तो कटाव की स्थिति गंभीर हो सकती है। स्थानीय ग्रामीण जनार्दन यादव, लालू यादव, रामजी श्रीवास्तव, कैलाश खटीक, प्रमोद गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष मानसून के दौरान गंडक नदी का जलस्तर बढ़ने पर कटाव की समस्या सामने आती है। पिछले वर्ष भी गौतम बुद्ध सेतु के एक नंबर पिलर के निचले हिस्से में तेज कटाव हुआ था। जिससे नदी की धारा सेमरबारी गांव एवं नदी की धारा के बीच निर्माण कराए गए गाइड बांध के समीप पहुंच गई थी। हालांकि विभाग ने युद्ध स्तर पर कटाव रोधी कार्य कराया। जिससे कटाव पर विराम लगा था।लेकिन इस वर्ष भी एक नंबर पिलर के निचले हिस्से में कटाव शुरू होने से लोगों में गाइड बांध एवं गांव की सुरक्षा को लेकर भी आशंका बनी हुई है। इधर, जल संसाधन विभाग ने स्थिति पर नजर बनाए रखने का दावा किया है। 23,40 प्वाइंट पर तैनात जल संसाधन विभाग के कनीय अभियंता करण कुमार ने बताया कि बाढ़ एवं कटाव से निपटने के लिए आवश्यक सामग्री का विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर पहले से भंडारण कर लिया गया है। यदि किसी स्थान पर कटाव की रफ्तार तेज होती है, तो तत्काल युद्ध स्तर पर कटाव निरोधी कार्य शुरू कराए जाएंगे, ताकि सेतु और आसपास के क्षेत्रों को सुरक्षित रखा जा सके।

# 50 हजार रुपये रिश्वत लेते प्रधानाध्यापक गिरफ्तार, निगरानी ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई

**बीएनएम@ पटना**



निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की मुख्यालय टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, चैनपुर, सम्पतचक के प्रधानाध्यापक कुणाल प्रियदर्शी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी उनके विद्यालय स्थित कार्यालय कक्ष से की गई। निगरानी थाना कांड संख्या 076/26 के अनुसार, परिवादी अरूण कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में सफल 152 विद्यार्थियों के अंक प्रमाण-पत्र और सीएलसी जारी करने के एवज में प्रधानाध्यापक प्रति छात्र 400 रुपये की रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कराया। जांच में रिश्वत मांगने के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर प्राथमिकी दर्ज की गई और पुलिस उपाधीक्षक विन्ध्याचल प्रसाद के नेतृत्व में विशेष धावा दल का गठन किया गया। पूर्व नियोजित कार्रवाई के दौरान टीम ने प्रधानाध्यापक कुणाल प्रियदर्शी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी ब्यूरो ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को विशेष निगरानी न्यायालय, पटना में पेश किया जाएगा। मामले में आगे की जांच जारी है।

## नाबालिग लड़की के अपहरण में प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार




**बीएनएम@ योगापट्टी**

पश्चिम चंपारण कि पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार नामजद प्राथमिकी अभियुक्त राजबली चौधरी को गिरफ्तार किया गया।आरोपी पर एक नाबालिग लड़की को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपहरण करने का आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है तथा अन्य पहलुओं की भी गहनता से जांच की जा रही है।

## एसपी ने किया पांच थानों का औचक निरीक्षण, शिकायतों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**बीएनएम@ बेतिया**



पश्चिम चंपारण के पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को नगर थाना, साइबर थाना, महिला थाना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना तथा कालीबाग थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्था, अभिलेखों और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, मालखाना, हाजत, अपराध पंजी, आगंतुक पंजी, अभिलेखों, सीसीटीवी व्यवस्था तथा साफ-सफाई का गहन अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को अभिलेखों का समुचित संधारण, थाना परिसर में स्वच्छता एवं अनुशासन बनाए रखने तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को आम नागरिकों के साथ विनम्र एवं संवेदनशील व्यवहार करने, प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निष्पादन करने तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2, नगर, कालीबाग, महिला तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति थाना के थानाध्यक्ष सहित सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**एससी-एसटी अत्याचार निवारण अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**



अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर सदर दिलीप कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल सभा कक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अनुश्रवण समिति की द्वितीय त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं पीड़ितों को समय पर राहत उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं विकास मित्र उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों एवं थाना क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत दर्ज मामलों, प्राप्त आवेदनों तथा उन पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में लंबित मामलों की स्थिति, पीड़ितों को उपलब्ध कराई गई सहायता राशि, पुनर्वास संबंधी सुविधाओं तथा प्रशासनिक कार्रवाई की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि पीड़ितों को सरकार द्वारा निर्धारित राहत एवं पुनर्वास योजनाओं का लाभ बिना विलंब उपलब्ध कराया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। यदि 30 जुलाई से प्रस्तावित हड़ताल शुरू होती है तो राज्यभर में सफाई व्यवस्था, कचरा उठाव और नगर निकायों से जुड़ी अन्य आवश्यक सेवाओं पर व्यापक असर पड़ने की संभावना है।

## 34 वर्षों की सेवा के बाद दफादार अवधेश पांडेय सेवानिवृत्त, थाना परिसर में हुई विदाई समारोह

**बीएनएम@ हरसिद्धि**



स्थानीय थाना परिसर में मंगलवार को सेवानिवृत्त दफादार अवधेश पांडेय के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अंचलाधिकारी (सीओ) अरविंद चौधरी ने की। इस अवसर पर सीओ अरविंद चौधरी, पुलिस निरीक्षक अजय कुमारएवं थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने उन्हें अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह को संबोधित करते हुए सीओ अरविंद चौधरी ने कहा कि अवधेश पांडेय ने अपने पूरे कार्यकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन के साथ पुलिस विभाग की सेवा की। उनके कार्यकाल को लेकर कभी कोई शिकायत सामने नहीं आई, जो उनकी कार्यशैली और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1968 में हरसिद्धि थाना की स्थापना के समय अवधेश पांडेय के पिता भरत पांडेय यहां कार्यरत थे। पारिवारिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 1992 में अवधेश पांडेय की नियुक्ति हुई और तब से उन्होंने लगातार 34 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि अवधेश पांडेय का व्यवहार सहयोगात्मक एवं जिम्मेदार रहा है। विभाग में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। विदाई के दौरान उपस्थित पुलिसकर्मियों और चौकीदार-दफादारों ने भी उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए और उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। मौके पर पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, दरोगा प्रीतम कुमार, अंकित कुमार, रामबाबू यादव, पारसनाथ, नीलम कुमारी, दफादार राजेश्वर गिरी, तपसीर खान सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, जवान, चौकीदार एवं दफादार उपस्थित रहे। समारोह का माहौल भावुक रहा और सभी ने अवधेश पांडेय के बेहतर जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए जनभागीदारी आवश्यक : डॉ. प्रेम कुमार



**बीएनएम@ गयाजी**

जिला अतिथि गृह में पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक अध्यक्ष बिहार विधानसभा डॉ. प्रेम कुमार किया। बैठक में पर्यावरण संवर्धन के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने पर बल दिया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की गंभीर चुनौतियों को देखते हुए बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा गया जिले में वर्ष 2026-27 के लिए कुल 24 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य विभिन्न योजनाओं एवं माध्यमों से पूरा किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लिए गए संकल्प के अनुरूप गठित 31 सदस्यीय टीम पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएगी। सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों, विद्यालयों के छात्र-छात्राओं तथा आम नागरिकों को इस अभियान से जोड़कर हरित आवरण को बढ़ाने का सामूहिक प्रयास किया जाएगा।

## संगम तट के बेलवा घाट पर हुई नारायणी गंडकी महाआरती

**बीएनएम@ बगहा**



भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित संगम तट के बेलवा घाट परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 156 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि निर्माता एचेल थारू, विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र सिंह,संस्था के एम.डी संगीत आनंद, वरिष्ठ कलाकार शिवचंद्र शर्मा, स्वास्थ्य कर्मी कुमारी संगीता,राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, पूनम देवी,सुमन देवी, गायक चंद्रिका खतईत, एवं बाल मोहन दास ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि थरुहट के निर्माता एचेल थारू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के प्रति जन जागरूकता फैलाने हेतु इस महा आरती कार्यक्रम का आयोजन विगत 6 नवंबर 2014 से किया जा रहा है। समाजसेवी संगीत आनंद ने कहा कि नदियों के किनारे ही हमारी सभ्यता और संस्कृति का विकास हुआ है। गंडक नदी को नारायणी और सदानीरा के नाम से भी जाना जाता है। विशिष्ट अतिथि सत्येंद्र सिंह ने कहा कि इस नदी में विष्णु भगवान के रूप में शालिग्राम देवता पाए जाते हैं।थरुहट की सांस्कृतिक संस्था हरे कृष्णा मंडली के अध्यक्ष चंद्रिका खतईत एवं बाल मोहन दास के नेतृत्व में भजन गंगा कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने कहा कि अब तक दर्जनों भूले भटके दिव्यांग जनों को उनके परिजनों से मिलवाया जा चुका है। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की। संचालन निर्माता एचेल थारू ने किया,जबकि धन्यवाद ज्ञापन कामेश्वर श्रीवास्तव और शिव चंद्र शर्मा ने किया । कुमार फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष आकाश कुमार के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच पौष्टिक आहार न्यूट्रिमिक्स फूड पैकेट का वितरण किया गया।

## सेवानिवृत्ति के मौके पर कार्यवाहक कुलपति ने शिक्षक एवं प्राचार्य को सौंपा पीपीओ



**बीएनएम@ गयाजी**

मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कार्यवाहक कुलपति प्रो. (डॉ.) दिलीप कुमार केशरी ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय अंतर्गत भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कुमार वर्मा तथा जगजीवन कॉलेज, गया के प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र कुमार प्रजापति को उनके सेवानिवृत्ति के अवसर पर पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने दोनों शिक्षाविदों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।प्रो. विजय कुमार वर्मा एवं डॉ. सत्येन्द्र कुमार प्रजापति ने अपने लंबे सेवाकाल में शिक्षा, अनुशासन, प्रशासनिक दक्षता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम ने कहा कि विश्वविद्यालय के विकास और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने में दोनों शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

# पाकिस्तान विडंबना का नायाब उदाहरण

कोई देश बड़ा भू-राजनीतिक मूल्य रख सकता है। मगर उसके साथ ही अपने राष्ट्रीय विकास की क्षमता के अभाव में वह ग्रस्त भी बना रह सकता है। पाकिस्तान इस विडंबना का नायाब उदाहरण है। ईरान- अमेरिका के बीच समझौता कराने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा कर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में है। उसके योगदान की तारीफ अमेरिका और ईरान के साथ-साथ अन्य देशों ने भी की है। इसके बावजूद अपनी नई कूटनीतिक हैसियत का पाकिस्तान अपने राष्ट्रीय हित में ज्यादा फायदा उठा सकेगा, ऐसा मानने वाले लोग कम ही हैं। वजह यह तथ्य है कि रणनीतिक स्थिति से बनने वाली हैसियत (या उस कारण मिलने वाली बाहरी वित्तीय या राजनीतिक मदद) और राष्ट्र निर्माण की किसी राज्य की क्षमता- समान चीजें नहीं हैं। अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण पाकिस्तान कई महत्त्वपूर्ण देशों के लिए खास रहा है। चीन के लिए वह कीमती रणनीतिक भागीदार है। चीन उसका इस्तेमाल भारत की शक्ति को संतुलित करने के लिए करता है। साथ ही अरब सागर तक जाने वाले एक गलियारे के रूप में चीन के लिए उसकी अहमियत है। अमेरिका के लिए पाकिस्तान कारणों से उपयोगी है। अफगानिस्तान और ईरान तक पहुंच, पश्चिम को निशाने बनाने वाले आतंकवाद का मुकाबला, और चीन की रणनीतिक गतिविधियों को सीमित करने के लिहाज से अमेरिका उसे अहमियत देता है। अपनी परमाणु एवं अन्य सैन्य क्षमता के कारण वह सऊदी अरब एवं अन्य खाड़ी देशों के लिए महत्त्वपूर्ण है। इन वजहों से उसे वित्तीय एवं कूटनीतिक मदद भी मिलती है। लेकिन हकीकत यही है कि पाकिस्तान ने बाहरी मदद को अपनी औद्योगिक क्षमता, वित्तीय ताकत और टिकाऊ घरेलू शासन में बदलने में पूर्णतः विफल रहा है। यह आज भी सैन्य नेतृत्व वाला सुरक्षा-केंद्रित राज्य बना हुआ है। बेशक उसने लंबे समय से अपनी रणनीतिक स्थिति का फायदा उठाकर कई महाशक्तियों से पैसा और संसाधन बटोरे हैं। फिर भी उसे आगे बढ़ते या अपनी उभरती शक्ति वाले देश के रूप में नहीं देखा जाता। तो असली सबक यही है कि कोई देश बड़ा भू-राजनीतिक मूल्य रख सकता है। मगर साथ ही उस मूल्य को अपने राष्ट्रीय विकास में बदलने की संस्थागत क्षमता के अभाव में वह ग्रस्त भी बना रह सकता है। पाकिस्तान इस विडंबना का नायाब उदाहरण है। अमेरिका- ईरान समझौते में उसकी अहम भूमिका के बावजूद यह वास्तविकता नहीं बदलने वाली है।

# ताजिया की आड़ में नफरत दहशत उन्माद का प्रदर्शन कब तक चलेगा?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

मोहर्रम एक मातम मनाने का मौका है लेकिन देश के कई हिस्सों में इस पर ताजिया जुलूस की आड़ में दहशत नफरत हिंसा और उन्माद फैलाने का सिलसिला दशकों से जारी है। इस बार भी मोहर्रम और ताजिया जुलूस के मौके पर देश के कई हिस्सों से हिंसक झड़प, पथराव और तनाव नफरत और हथियार प्रदर्शन की घटनाएं सामने आना चिंता जनक है । बिहार के सीतामढ़ी, समस्तीपुर, अररिया, मुजफ्फरपुर और दरभंगा, और उत्तर प्रदेश के वाराणसी और बरेली समेत कई शहरों में जुलूस के दौरान विवाद और अराजकता का माहौल देखने को मिला।बिहार के समस्तीपुर और सीतामढ़ी में ताजिया जुलूस के दौरान दो गुटों के बीच झड़प और भारी पथराव की घटनाएं हुईं। इसके अलावा, अररिया, मुजफ्फरपुर, कटरा और दरभंगा के कुछ इलाकों में भी तनाव की खबरें सामने आईं, जिसके बाद पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। उत्तरप्रदेश के वाराणसी के चेतगंज इलाके में जुलूस के मार्ग को लेकर विवाद और हंगामा हुआ। वहीं, बरेली के एक गांव में ताजिया जुलूस के दौरान नोट उड़ाने को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे चले। हालांकि, उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया कि राज्य में लगभग 12 हजार जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए और कड़ी सख्ती के चलते कोई दंगा या कर्फ्यू जैसी स्थिति नहीं बनी।

बिहार में उपद्रवी तत्वों ने उपद्रव करने का पूरा प्रयास किया। समस्तीपुर में ताजिया मिलान के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई। बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस पर भी भीड़ ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।अररिया मोहर्रम के मौके पर जुलूस के दौरान कुछ उपद्रवियों द्वारा पथराव किए जाने की घटनाएं सामने आईं, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को शांत करने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया।कटिहार में मोहर्रम जुलूस के दौरान नया टोला स्थित महावीर मंदिर पर पथराव किया गया। इस दौरान कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हुए और लगभग 20 लोग घायल हो गए थे।जमुई में भी जुलूस के दौरान तनाव और झड़पों की खबरें आईं, जिसके बाद पुलिस ने अतिरिक्त बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया।अररिया में जुम्मन चौक और रेलवे स्टेशन के पास जुलूस के दौरान पथराव होने से अफरातफरी मच गई, जिसके बाद भारी तनाव फैल गया।शिवहर में मोहर्रम के अखाड़ों के प्रदर्शन के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए। जमकर हुई पत्थरबाजी में करीब 10-15 लोग घायल हुए। पुलिस ने कुल 45 लोगों को नामजद कर एफआईआर दर्ज की है।सीतामढ़ी और मुजफ्फरपुर में ताजिया जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच नोकझोंक के बाद लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ, जिसमें कई लोग घायल हुए।

उत्तर प्रदेश में भी कुछ भाईजान ने नफरत फैलाने की खुराफात की। कानपुर के बजरिया थाना क्षेत्र में मोहर्रम के जुलूस के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे और पथराव से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई उपद्रवियों को हिरासत में लिया है और मुकदमा दर्ज किया है।प्रयागराज आनापुर इलाके में ताजिया के रास्ते में आने वाली कुछ सीढ़ियों को लेकर विवाद हो गया। रास्ता साफ करने की बात पर हुए टकराव में कुछ लोगों ने पुलिस पर ही पथराव कर दिया। पुलिस ने उग्र भीड़ को नियंत्रित किया और 12 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लिया।रामपुर के मिलक कस्बे में मोहर्रम का ताजिया जुलूस समाप्त होने के बाद दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश के चलते हिंसक झड़प और पथराव हो गया, जिसमें 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया और जांच शुरू कर दी है।लखीमपुर खीरी ताजिया जुलूस के दौरान एक मंदिर के पास भंडारे को लेकर दूसरे पक्ष से कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद बढ़ गया और पथराव की घटना हुई। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात करके स्थिति शांत कराई गई।बदायूं में मोहर्रम के जुलूस के दौरान मामूली बात पर पथराव और सड़कों पर तलवारबाजी की घटनाएं सामने आईं।

मध्य प्रदेश महाकाल की नगरी उज्जैन के बड़नगर इलाके में मुहर्रम के जुलूस के दौरान एक कार को क्रेन से लगभग 40 फीट ऊपर उठाया गया. फिर उसे "धमाके से उड़ा दिया गया". अब इस मामले में चार लोगों के खिलाफ पुलिस केस दर्ज किया गया है. अधिकारियों का कहना है कि ये खतरनाक काम स्थानीय अखाड़ों के बीच एक प्रतियोगिता के तौर पर किया गया था, ताकि भीड़ जुटाई जा सके और सोशल मीडिया पर ध्यान खींचा जा सके.पुलिस के मुताबिक, बड़नगर के अदान इलाके से मुहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था, तभी लोगों की भारी भीड़ के सामने यह स्टंट किया गया. जिस कार पर "ले फिर आ गए" लिखा था, उसे क्रेन से ऊपर उठाया गया. कार में सवार दो युवक लाल झंडे लहरा रहे थे, तभी धुएं, चिंगारियों और टूटे हुए कांच से ऐसा नजारा बना जैसे कोई जबरदस्त धमाका हुआ हो. मौके पर "शेरे अदान अखाड़ा" के पोस्टर भी दिखाई दिए.

आपको बता दें कि इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम का मुख्य उद्देश्य पैगंबर हज़रत मुहम्मद के नवासे, इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में हुई शहादत का शोक और मातम मनाना है। यह कोई आतंक या शक्ति प्रदर्शन का त्योहार नहीं है, बल्कि अन्याय के खिलाफ खड़े होने का प्रतीक है।हालांकि, मुहर्रम के दौरान जुलूसों में कुछ जगहों पर तलवारबाज़ी, आग के करतब, या कभी-कभी गैर-पारंपरिक स्टंट खतरनाक प्रदर्शन किए जाते हैं इसी की आड़ में कुछ असामाजिक उन्मादी तत्व ऐसे विवादास्पद प्रदर्शन जानबूझकर करते हैं ताकि समाज में दहशत फैले, दो समुदायों के बीच तनाव पैदा हो, या राजनैतिक रोटियां सेकी जा सकें।ऐसे भड़काऊ और हिंसक प्रदर्शनों को लेकर प्रशासन द्वारा हमेशा सख़्ती बरती जाती है और अक्सर आयोजकों के खिलाफ पुलिस मामले भी दर्ज़ किए जाते हैं। अधिकांश मुस्लिम संगठन और विद्वान भी ऐसे खतरनाक प्रदर्शनों को इस्लाम के मूल सिद्धांतों के खिलाफ मानते हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें संवैधानिक व्यवस्था के अन्तर्गत बहुसंख्यकों के बराबर ही अल्पसंख्यकों को समान रूप से धार्मिक सांस्कृतिक त्योहार मनाने की व्यवस्था है लेकिन मोहर्रम जैसे आयोजन की आड़ लेकर सार्वजनिक स्थल पर सरेआम एक क्रेन के जरिए एक वैन को चालीस फुट ऊपर लटकाकर उसमें विस्फोट करना कहीं न कहीं उपद्रवी अराजकता आतंक फैलाने और दूसरे समुदाय में दहशत पैदा करने की मानसिकता का नंगा नाच है। पूर्व में भी देश के कई हिस्सों में मोहर्रम पर इसी तरह के हथियारों बरछी भाले तलवारो के साथ अराजकता का प्रदर्शन किया जाता रहा है और हर साल इस प्रदर्शन व जूलूस के दौरान सांप्रदायिक तनाव और हिंसा की पचासों वारदातों का होना रिकार्ड है। इस के चलते राज्य सरकारों द्वारा इस आयोजन के पहले लगातार सख्त निर्देश जारी किए जाते हैं और स्थानीय प्रशासन द्वारा इस मौके पर शांति अमन-चैन बनाए रखने के लिए शांति कमेटी की बैठक की जाती है। इसके बावजूद देश भर में कई शहर कस्बे अशांति और तनाव के दौर से गुजरना पड़ा है उज्जैन के बड़नगर में कार विस्फोट प्रदर्शन की एटीएस और एफएसएल टीम ने जांच शुरू की है।मुख्यमंत्री मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में मुहर्रम के एक जुलूस में चार पहिया वाहन को हवा में लटकाकर 'धमाके' के घटनाक्रम ने कई सारे सवाल खड़े कर दिए हैं। मुहर्रम के जुलूस के दरमियान, सुनियोजित तरीके से इस ब्लास्ट को अंजाम दिया गया। घटना के बाद बड़नगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ हुई है। पुलिस, एफएसएल टीम एवं एटीएस की टीमें हरेक एंगल से जांच कर रही है। विस्फोटक क्या था, पता लगाने में जुटी हुई है। बता दे कि विश्व मानचित्र पर हिन्दू तीर्थ की पवित्र पहचान रखने वाले धार्मिक नगरी उज्जैन के निकट कस्बे में इस तरह का प्रदर्शन आतंकवाद का छिपा समर्थन करने वाले तत्वों का सुनियोजित षड्यंत्र हो सकता है। उज्जैन के साथ-साथ बड़नगर, उन्हेल, नागदा और महिदपुर संवेदनशील क्षेत्रों में शुमार हैं। सांप्रदायिक उन्माद की घटनाएं इन क्षेत्रों में होती रही हैं, लिहाजा पुलिस प्रशासन को अतिरिक्त सतर्कता बरतना चाहिए थी। सवाल यह है कि राज्य की खुफिया ईकाई ने समय से पहले इस तरह की आतंकी कारवाई की पूर्व सूचना क्यों नहीं दी? विश्व हिंदू परिषद संगठन ने कहा कि धार्मिक आयोजनों के नाम पर इस तरह के खतरनाक शक्ति प्रदर्शन को सभ्य समाज में कभी स्वीकार नहीं किया जा सकता.बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने सुनियोजित साजिश बताया. उन्होंने कहा कि आरोपियों पर रासुका और अटेम्प्ट टू मर्डर की धाराएं लगाई जानी चाहिए. उन्होंने इस मामले की तुलना दिल्ली के लाल किले ब्लास्ट से भी कर दी उन्होंने कहा कि दिल्ली में लाल किले के बाहर भी इसी तरह गाड़ी में ब्लास्ट किया गया था. इस ब्लास्ट से वो लोग क्या दिखाना चाहते थे?विधायक शर्मा ने कहा कि ये सामान्य घटना नहीं है बल्कि, एक सुनियोजित साजिश है इन से पूछना चाहिए कि ब्लास्ट के लिए बारूद कहां से लाए? उन्होंने कहा मेरी पुलिस से मांग है कि इनपर रासुका लगानी चाहिए। आपको बता दें कि पूर्व में यूपी में मोहर्रम पर खून-खराबे की वारदातों की झड़ी लग जाती थी लेकिन यूपी में आदित्यनाथ योगी ने सख्त रुख अपना कर अराजकता फैलाने वाले समाजकंटक दंगाइयों को नियंत्रित किया। उन्होंने इस बार भी मोहर्रम से पहले साफ मैसेज दिया और कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि मोहर्रम मातम का अवसर है, शक्ति प्रदर्शन का नहीं.

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं पिछले 39 वर्ष से लेखन और पत्रकारिता से जुड़े हैं) (यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# कहो तो कह दूं -आखिर हम किस देश के वासी हैं कोई तो बताए.....

**चैतन्य भट्ट**

अभी अभी एक ताजा खबर मिली है कि विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट को नागरिकता का दस्तावेज मानने से इंकार कर दिया है जिससे हर भारतीय को खुद के भारत का नागरिक होने में सन्देह पैदा हो गया है। पाठकों को याद होगा पुराने दौर की एक मशहूर फिल्म आवारा में राज कपूर ने जापानी जूता और इंग्लिस्तानी पतलून के बावजूद दिल के हिंदुस्तानी होने का दावा किया था। यानी अगर आपका सिर्फ और सिर्फ दिल हिन्दुस्तानी है तो आप बेशक भारतीय नागरिक माने जाते थे। लेकिन उसके बाद एक और गाना हिट हुआ जिसमें सवाल उठाया गया कि गंगा मेरी माँ का नाम बाप का नाम हिमाला, अब तुम खुद ही फैसला कर लो मैं किस सूबे वाला। इस गाने को लेकर विवाद भी खड़ा हुआ था कि गंगा तो हिमालय की बेटी हैं फिर वो हिमालय की पत्नी कैसे बतला दी गीतकार ने? लगता है विदेश मंत्रालय ने इसी गाने की तर्ज पर नागरिकता के सवाल में और ज्यादा कंफ्यूजन पैदा कर दिया है। कोर्ट पहले ये भी कह चुके हैं कि आधार कार्ड अथवा वोटर कार्ड भी नागरिकता का सबूत नहीं हैं। तो फिर कोई खुद को नागरिक कैसे साबित करे? सरकार के मुताबिक वैसे तो जन्म मृत्यु पंजीयन अधिनियम 1969 के लागू होने के बाद वर्ष 1970 से ही जन्म प्रमाण पत्र को अनिवार्य घोषित कर दिया गया था लेकिन बाकी कानूनों की तरह इसका पालन भी पूरी गंभीरता से नहीं किया गया। जरूरत पड़ने पर लोग बोर्ड परीक्षा की मार्क शीट को पेश कर के कॉलेज में एडमिशन लेते थे और नौकरी भी करते रहे। बोर्ड परीक्षा की मार्कशीट की जन्मतिथि पर सरकार को इतना भरोसा था कि उसी के मुताबिक लोगों के पासपोर्ट तक जारी होते रहे। हालांकि 2025 में संशोधित पासपोर्ट नियमों के अनुसार 1 अक्टूबर 2023 के बाद पैदा होने वालों को आवेदन के साथ जन्म प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। लेकिन विदेश मंत्रालय ने यह कह कर नई मुश्किल खड़ी कर दी है कि पासपोर्ट भी भारत की नागरिकता का सबूत नहीं बल्कि केवल विदेश यात्रा का अनुमति पत्र है। इस बात पर हंगामा होने के बाद विदेश मंत्रालय ने फिर से स्पष्ट किया कि पासपोर्ट अधिनियम 1967 के अनुसार गैर भारतीयों को भी पासपोर्ट जारी किया जा सकता है इसलिए पासपोर्ट को नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। अब लोग बेहद हैरान हैं कि जो पासपोर्ट विदेशी मुल्कों में हम को भारतीय नागरिक होने की पहचान देता है वो खुद भारत में नागरिकता की गारण्टी नहीं देता। मजे की बात यह है कि सरकार के पास इस बात का जवाब अभी भी नहीं है कि नागरिकता का सबूत आखिर है क्या? इसी दौरान वोटर लिस्ट के अपडेट करने की प्रक्रिया और जनगणना साथ साथ चल रहे हैं और नागरिक डर के मारे घर की पुरानी संदूकें और अलमारियाँ खंगाल रहे हैं ताकि खुद के या अपने बाप-दादों के ऐसे कागज़ात मिल जायें जो भारतीय होने का सबूत बन सकें। 1960 में रिलीज़ हुई राज कपूर की सुपरहिट फिल्म का प्रसिद्ध टाइटल गीत था हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है। लेकिन अब भारत में रह रहे हर नागरिक के मन में अहम सवाल उठ रहा है ये है कि आखिर हम किस देश के वासी हैं कोई तो बताए।

मानसून आखिर तुम कब आओगे : परेश रावल की एक बड़ी मजेदार फिल्म थी अतिथि तुम कब जाओगे उसी तर्ज पर आजकल हर आदमी आकाश की तरफ निगाहें डालकर एक ही बात पूछ रहा है कि हे मानसून आखिर तुम कब आओगे, बीच-बीच में थोड़े बहुत छींटे जमीन पर पड़ जाते हैं और लोग बात खुशी से नाचने लगते हैं कि लो भाई अब मानसून आ गया लेकिन बाद में पता चलता है कि ये मानसून नहीं बल्कि लोकल बादल बारिश कर रहे हैं। अपने को तो समझ में नहीं आता की मानसून ट्रेनों की तर्ज पर लेट क्यों होने लगा है क्या वो ट्रेन से आता है, लगता तो ऐसा ही है, फिर कभी रास्ता भटक जाता है फिर कहीं अटक जाता है । अरे भाई जब एक बार तुमको पूरी रोड मालूम है कि हमें यहां से वहां जाना है तो इतने कितने भुलक्कड़ हो गए हो कि हर बार रास्ता भूल जाते हो यदि डिमेंशिया हो गया हो तो किसी डाक्टर को दिखाओ कहीं भटक जाते हो कहीं अटक जाते हो, आदमी गर्मी से हलाकान है, पसीने से तर है, धूप ऐसी लग रही है जैसे आग के कुंड में बैठे हो सबकी निगाहें सिर्फ तुम्हारी तरफ गड़ी हुई हैं । जून खत्म होने को आ रहा है लोग बात और मौसम वैज्ञानिक भी कहते थे कि 15 जून तक मानसून अपने प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा लेकिन 15 दिन ज्यादा हो गए दूर-दूर तक तुम्हारा कोई पता नहीं है ऐसे में आदमी करे तो करे क्या? सारे पानी के स्रोत सूख गए हैं उनकी सिल्ट बाहर झांकने लगी है नगर निगम आखिर पानी ले तो ले कहां से ? टैंकर तो है लेकिन पानी भरा कहां से जाएगा ये भी तो बड़ा सवाल है। मानसून भैया तुमसे हाथ जोड़कर यही प्रार्थना है कि जहां कहीं भी अटके हो, लटके हो,भटके ही तो किसी चाय के टपरे वाले से रास्ता पूछ कर सीधे-सीधे आ जाओ या फिर हम अपनी लोकेशन मोबाइल पर भेज देते हैं उसी के सहारे आ जाओ लेकिन आ जरूर जाओ ।

विदेश में भी हाहाकारः पता चला है कि यूरोप के बारह देशों में ऐसी गर्मी पड़ रही है कि वहां हाहाकार मच गया है अपने को तो ये बताया जाता था कि विदेश का मौसम बहुत अच्छा होता है वहां गर्मी नहीं पड़ती, ठंड पड़ती है बर्फ जमी रहती है लेकिन ये सारे भरम टूट गए, हाल ये है कि स्कूल बंद कर देने पड़े हैं, शराब पीने तक में रोक लगा दी गई है, शहरों में कूलिंग केंद्र बना दिए गए हैं अभी तक ढाई सौ से ज्यादा मौतें भी हो चुकी हैं लोग बाग सुबह से लेकर शाम तक तलाब और नदी में बैठे हैं बताया गया है कि लोगों से कहा है कि दोपहर के बाद बाहर न निकले इन तमाम लोगों को भारत के लोगों से शिक्षा लेना चाहिए जो भरी दुपहरिया में बेहतरीन घूमते फिरते नजर आते हैं लू से बचने प्याज जेब में रख लेते हैं, बहुत ज्यादा हुआ तो कान गमछे से ढक लेते हैं लेकिन घूमना नहीं छोड़ते,दरअसल उन्हें ऐसी गर्मी की भारी प्रैक्टिस भी है तापमान पैंतालीस डिग्री हो या सैंतालीस डिग्री, उनके लिए कोई मायने रखता नहीं है। यूरोप के लोग बाल गोरे भी होते हैं उन्हें अपने काले होने का भी डर रहता है लेकिन अपने यहां अधिकांश लोग करिया ही होते हैं, कितनी धूप पड़े रंग और कितना काला पड़ेगा इसलिए उन्हें इस बात की चिंता नहीं रहती। अपनी तो यूरोप वालों को सलाह है कि भैया एक दो साल भारत में रहने आ जाओ और गर्मी से लड़ने की ताकत अपने अंदर पैदा कर लो वरना ऐसे ही अलसेट खाते रहोगे।

सुपरहिट ऑफ़ द वीकः पापा अगर मैं परीक्षा में पास हो गया तो आप को कैसा लगेगा श्रीमानजी के बेटे ने श्रीमान जी से पूछा, मैं खुशी से पागल हो जाऊंगा श्रीमान जी ने कहा, बस पापा इसी डर से मैं फेल हो गया बेटे में उत्तर दिया।

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : आपकी दिनचर्या बहुत अच्छी रहेगी, आपके अंदर पॉजिटिविटी बनी रहेगी। आज आप सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आज जो भी कार्य आप हाथ में लेंगे, उसे अपनी मेहनत और लगन से पूरा करेंगे। आपकी सराहना हो सकती है। जो लोग व्यापार करते हैं, उन्हें आज उत्तम परिणाम मिल सकते हैं। भौतिक सुख सुविधाएं बनी रहेंगी।

**वृष राशि** : आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा है, आपको ज्यादातर मामलों में लाभ मिलेगा। व्यवसाय में आर्थिक लाभ के योग हैं, मित्रों के सहयोग से कुछ अच्छे अवसर मिल सकते हैं। नौकरी करने वाले जातकों को आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज अपनी अद्भुत क्षमता के साथ जीवन के सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने का प्रयास करेंगे। आज आपको नौकरी में नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आपके लिए आमदनी के नये रास्ते खुलेंगे। अगर आप व्यवसाय करते हैं, तो आज किसी मित्र के सहयोग से नई योजनाएं बनायेंगे, जिनमें आपको सफलता हासिल होगी, साथ ही आपको अच्छा आर्थिक लाभ भी होगा।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहेगा, सही योजना बनाकर ही अपने कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने का प्रयास करें, तो आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल रहेंगे। आज आपका झुकाव अध्यात्म की ओर रह सकता है। आज आप सामाजिक स्तर पर किसी बड़े धार्मिक समारोह में शामिल हो सकते हैं, या किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जा सकते हैं। इस यात्रा से आपको लाभ मिल सकता है।

**सिंह राशि** : आज का दिन आपके लिए अच्छे अवसर लेकर आया है। कार्यक्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही किसी योजना को आज आप समझदारी से पूरा करेंगे। जिससे आप में नेतृत्व करने की क्षमता जगेगी, आपके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज अधिकारियों से आपको सराहना भी मिलेगी और आज आपको नया प्रोजेक्ट भी मिल सकता है, जिससे आपको भविष्य में आर्थिक लाभ मिलेगा।

**कन्या राशि** : आज आपका दिन कान्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आपको जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं। आज आपको नौकरी में बेहतर मौके मिलेंगे, जिससे उन्नति के मार्ग अवश्य खुलेंगे। आज आप अपनी मेहनत से सफलता हासिल करेंगे। आज मित्रों के घर जा सकते हैं, इससे आपकी दोस्ती मजबूत होगी।

**तुला राशि** : आज का दिन आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है। आज आपकी नौकरी बदलने और बेहतर जगह नौकरी पाने की इच्छा पूरी हो सकती है। आपको इस दिशा में किए गए प्रयास का परिणाम अवश्य मिलेगा। आज आपको जीवनसाथी की मदद से धन लाभ होने की संभावना है। आज आपको परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन आपके लिए सुखद रहेगा। आज आप जीवन में सुख समृद्धि के लिए नई योजनाएं बना सकते हैं। आज आप व्यवसाय अथवा रहने के उद्देश्य से किसी भवन निर्माण के बारे में सोच सकते हैं। आज अचल संपत्ति खरीदने का विचार भी मन में आ सकता है। आज आप अपने परिश्रमी एवं उत्साहित स्वभाव के कारण सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे ।

**धनु राशि** : आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप बहुत प्रसन्न रह सकते हैं। किसी मित्र या रिश्तेदार के घर विवाहोत्सव में शामिल होने के लिए कहीं की यात्रा कर सकते हैं। नौकरी और व्यवसाय में सफलता के योग हैं। नौकरी में आपको पदोन्नति मिल सकती है। जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा और आप खुश होंगे।

**मकर राशि** : आज आपका दिन सुखद रहेगा। आज आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आने वाला है। आज आप अपने फिटनेस को लेकर जागरूक रहेंगे। आज कार्य स्थल और व्यवसाय में बढ़ोतरी के योग हैं। आर्थिक लाभ की संभावना बन सकती है। आज आपके अधूरे कार्य पूरे हो सकते हैं। आज आप अपने जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं।

**कुंभ राशि** : आज आप अपनी मेहनत के बल पर अपने भाग्य को बदल सकते हैं। आज आपको सभी क्षेत्रों में अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे। नौकरीपेशा हैं, तो कार्यस्थल पर आपको जिम्मेदारी मिल सकती हैं। आमदनी बढ़ सकती हैं। व्यापार में लाभ के योग हैं, नई योजनाएं सफल होंगी और कहीं रुका हुआ पैसा वापस आएगा।

**मीन राशि** : आज आपका दिन अच्छा रह सकता है। आज आपको सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है, धैर्य बनाए रखें। आपका व्यक्तित्व आज लोगों को प्रभावित करने वाला रहेगा। कार्यस्थल पर आपके कार्यों की सराहना हो सकती है। सहकर्मियों के साथ आपके रिश्ते में प्रगाढ़ता आएगी। दांपत्य जीवन मधुर व सुखमय रहेगा।

# विपक्ष भाजपा के लिए वरदान की तरह

**अजीत द्विवेदी**

विपक्षी पार्टियां सरकार से लड़ने के लिए कितना सुविधानजक रास्ता चुनती हैं इसकी मिसाल 'इंडिया० ब्लॉक की आठ जून को हुई बैठक है। इस बैठक में विपक्षी पार्टियों के बीच पांच प्रस्तावों पर सहमति बनी। मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी जानकारी दी। इनमें से दो मुद्दे तो विपक्षी गठबंधन के अंदर आपसी तालमेल से जुड़े हैं। बैठक में यह तय किया गया कि हर दो महीने में 'इंडिया० ब्लॉक की बैठक होगी। इस लिहाज से अगली बैठक के लिए आठ अगस्त का दिन तय किया गया। आठ अगस्त को हैदराबाद में अगली बैठक होगी। इसके अलावा एक सहमति इस पर बनी कि संसद के मानसून सत्र में विपक्ष की सभी पार्टियां हर दिन कार्यवाही शुरू होने से पहले बैठक करेंगी। यह पहले से भी होता था। सुबह 10 बजे राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैम्बर में विपक्ष की बैठक होती थी। इसलिए इसमें कुछ नया नहीं है। विपक्ष की बैठक में बाकी जिन तीन प्रस्तावों पर सहमति बनी वो देश के सामने मौजूद ज्वलंत समस्याओं से जुडे हैं। पहला प्रस्ताव मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर है। विपक्षी पार्टियों ने तय किया कि एसआईआर में निष्पक्षता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस को चि_ी लिखी जाएगी। एक प्रस्ताव यह स्वीकार किया गया कि नीट यूजी की परीक्षा के पेपर लीक होने और सीबीएसई की 12वीं की बोर्ड परीक्षा में हुई गड़बड़ी के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग जाएगा। तीसरी सहमति इस प्रस्ताव पर बनी कि महंगाई और बेरोजगारी को लेकर सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की अपील की जाएगी। इस पूरे मामले में आंदोलन करने का एक भी प्रस्ताव नहीं लाया गया। किसी ने यह जरुरत नहीं समझी कि महंगाई, बेरोजगारी, पेपर लीक, एसआईआर को लेकर लगातार चलने वाला जन आंदोलन शुरू किया जाए और सरकार को जनता की नजर में जवाबदेह बनाया जाए। सोचें, इससे पहले कब ऐसा विपक्ष देखने को मिला था, जो लगातार हो रहे पेपर लीक और छात्रों की परेशानी को लेकर अपने ड्राइंग रूम में बैठे बैठे शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगे! कब ऐसा विपक्ष रहा था, जो महंगाई और बेरोजगारी पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करे! जब भाजपा विपक्ष में थी यानी 2014 से पहले तो गैस सिलेंडर में 10 रुपए की बढ़ोतरी या पेट्रोल, डीजल की कीमत में



एक रुपए की बढ़ोतरी के खिलाफ सड़क पर उतरती थी। चीनी और तेल की महंगाई के खिलाफ खुद कांग्रेस के आंदोलन की वजह से ढाई साल की मोरारजी देसाई सरकार 1980 में चुनाव हार गई थी। 1998 में प्याज की कीमतों पर राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार चली गई थी। लेकिन अब महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है और बेरोजगारी कहां जाकर रूकेगी इसका अंदाजा किसी को नहीं है लेकिन विपक्ष कह रहा है कि इस पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए। सर्वदलीय बैठक होगी तो विपक्ष के नेता अपने वातानुकूलित ड्राइंग रूम से निकल कर, वातानुकूलित गाड़ी में बैठ कर, संसद या उसकी एनेक्सी के किसी वातानुकूलित कक्ष में पहुंच जाएंगे, जहां चाय, पकौड़ी खाते हुए महंगाई और बेरोजगारी पर चर्चा होगी और अखबारों में कहीं सिंगल कॉलम की खबर बनेगी। इसी तरह से एसआईआर का मामला है। बिहार सबसे पहला राज्य था, जहां एसआईआर हुआ। उस समय बिहार में विधानसभा का चुनाव होने वाला था तो राहुल गांधी ने एसआईआर को लेकर 15 दिन तक यात्रा की थी। हालांकि राजद के तेजस्वी यादव इसे लेकर बहुत सहज नहीं थे। फिर भी वे साथ घूमे। लेकिन उसके बाद राहुल गांधी ने एसआईआर को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की। पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद विपक्ष को फिर लग रहा है कि एसआईआर का उनको नुकसान हो सकता है। बंगाल में 27 लाख से ज्यादा नाम तार्किक विसंगति के आधार पर काट दिए गए। इन लोगों के पास दस्तावेज हैं और न्यायाधिकरण में उन दस्तावेजों की जांच के बाद 60 फीसदी लोगों को वैध मतदाता माना जा रहा है। इसका अर्थ है कि तार्किक विसंगति के आधार पर जिन 27 लाख लोगों के नाम कटे हैं उनमें से 22 लाख वैध मतदाता हो सकते हैं। अगर इनके नाम नहीं कटते तो बंगाल का चुनाव नतीजा अलग भी हो सकता था। विपक्ष को यह अंदाजा है कि एसआईआर और परिसीमन दो ऐसी चीजें हैं, जिनके दम पर भाजपा 2029 का चुनाव जीतने की रणनीति बना रही है। लेकिन उस एसआईआर के खिलाफ आंदोलन करने और लोगों को जागृत करने की बजाय विपक्ष चीफ जस्टिस को चि_ी लिखेगा। विपक्ष जब महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करने लगे, लगातार हो रहे पेपर लीक को लेकर सोशल मीडिया में पोस्ट लिख कर शिक्षा मंत्री का इस्तीफा मांगे और पूरे चुनाव की दशा और दिशा बदल देने वाले एसआईआर जैसे अभियान पर चि_ी लिख कर अपनी शंका जाहिर करे तो समझ लेना चाहिए कि विपक्ष के अंदर सड़क पर उतर कर संघर्ष करने और जन आंदोलन खड़ा करने की क्षमता समाप्त हो गई है। वह सुविधाभोगी और आरामतलब हो गया है। सवाल है कि क्या विपक्ष को जमीनी हकीकत और जनता के मूड का बिल्कुल अंदाजा नहीं है? वर्तमान स्थिति को लेकर खास कर पेपर लीक और सीबीएसई की ग़ड़बड़ियों पर जैसा असंतोष और गुस्सा लोगों के अंदर है वह कॉकरोच जनता पार्टी के सोशल मीडिया अकाउंट के फॉलोअर्स की संख्या से जाहिर हुआ। उसके आंदोलन में जिस तरह से स्वंयस्फूर्त तरीके से हजारों लोग जुटे उससे भी जाहिर हुआ है कि लोग उद्वेलित हैं और जरुरत उनके गुस्से को सही दिशा देने की है। लेकिन विपक्ष इस मौके का लाभ नहीं उठाएगा और लेकिन दूसरी ओर सत्तापक्ष यानी भाजपा इससे सबक लेकर या तो सुधार करेगी या नैरेटिव बदल कर इसको हैंडल करने की कोशिश करेगी। विपक्ष की आठ जून की बैठक में और भी कई चीजें देखने को मिलीं। विपक्ष का आपसी अविश्वास भी दिखा और समन्वय की कमी भी दिखी। लेकिन उसको छोड़ दें तब भी विपक्ष ने जो एजेंडा तय किया उसको देख कर यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि ऐसा विपक्ष भाजपा के लिए वरदान की तरह है।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

फिल्म

# अदा शर्मा चलीं मराठी सिनेमा की ओर, फिल्म गजरा से जारी हुई पहली झलक



द केरल स्टोरी और 1920 जैसी फिल्मों से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाली अदा शर्मा अब मराठी इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं। उनकी पहली फिल्म होगी गजरा। इसका एलान हो गया है। साथ ही पहली झलक भी सामने आई है। अदा शर्मा की डेब्यू मराठी फिल्म गजरा का आधिकारिक एलान कर दिया गया है। यह फिल्म साल 2027 में रिलीज होगी। अदा इसमें लीड रोल निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर कर यह जानकारी साझा की है। साथ ही लिखा है, मराठी में मेरी पहली फिल्म गजरा। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है। अदा शर्मा ने आगे लिखा है, मेरी पहली फिल्म 1920 से केरल स्टोरी, सनफ्लावर, कमांडो, बस्तर, रीता सान्याल तक, आपने मुझे बहुत प्यार दिया। हार्टअटैक, क्षणम, राणा विक्रम और मेरी सभी साउथ फिल्मों के लिए भी खूब प्यार दिया। मुझे अपने मराठी डेब्यू के लिए भी आप सभी के आशीर्वाद, साथ और प्यार की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि मैं आप सभी को गौरवान्वित कर सकूंगी और एक ऐसी फिल्म बना सकूंगी, जिसे आप सभी पसंद करें। फिल्म का पोस्टर काफी दिलचस्प है। इससे सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक अंधेरे, परेशान करने वाली और कठिन कहानी का संकेत मिल रहा है। अदा शर्मा की इस फिल्म का निर्देशन श्रेयस जाधव कर रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण अमोल बोरकर कर रहे हैं। गणराज स्टूडियोज की पेशकश फिल्म गजरा जिग जैग प्रोडक्शन्स की पहली फिल्म है। अदा ने अपने पोस्ट में यह बताया है कि यह फिल्म सच्ची घटना पर बेस्ड है। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी देवदत्त मनीषा बाजी संभालेंगे। बता दें कि देवदत्त महाराष्ट्र के एक जाने-माने संगीतकार, म्यूजिक अरेंजर और प्रोड्यूसर हैं। वे मराठी सिनेमा में अपने शानदार ऐतिहासिक और लोक-संगीत के लिए विशेष रूप से लोकप्रिय हैं।

# वेलकम टू द जंगल बॉक्स ऑफिस : दूसरे दिन अक्षय कुमार की फिल्म ने धड़ाधड़ छापने नोट, वर्ल्डवाइड 50 करोड़ का आंकड़ा किया पार

अहमद खान के निर्देशन में बनी फिल्म वेलकम टू द जंगल ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की. इसे दर्शकों और क्रिटिक्स की ओर से अच्छा खासा रिस्पांस मिला. शनिवार को फिल्म की ऑक्यूपेंसी भी 33त्न दर्ज की गई. वहीं, फिल्म ने वर्ल्डवाइड भी रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन किया है. चलिए बताते हैं फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में. इसके साथ ही फिल्म वेलकम टू द जंगल ने दूसरे दिन वर्ल्डवाइड छप्परफाड़ कमाई की. ऑफिशियल आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 59.40 करोड़ का कलेक्शन किया. इसके साथ ही फिल्म के ओवरसीज बिजनेस की बात की जाए तो मूवी ने जहां पहले दिन 4.70 करोड़ रुपये कमाए वहीं, दूसरे दिन शनिवार को 7 करोड़ का कलेक्शन किया. अब अगर फिल्म वेलकम टू द जंगल के इंडिया नेट कलेक्शन के बारे में बात की जाए तो ऑफिशियल आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने इंडिया में पहले दिन 19.40 करोड़ और दूसरे दिन शनिवार को 21.02 करोड़ का कलेक्शन किया था, जिसके बाद इसका कुल इंडिया नेट कलेक्शन 40.42 करोड़ हो चुका है. फिल्म वेलकम टू द जंगल ने दूसरे दिन नेट कलेक्शन के मामले में बॉक्स ऑफिस पर करीब 8 फिल्मों को रिकॉर्ड्स को तोड़ दिया. इसमें 2026 की राजा शिवाजी (हिंदी में 3.40 करोड़), ओ रोमियो (12.65), चांद मेरा दिल (3.75 करोड़), पति पत्नी और वो दो (12.33 करोड़), पेद्दी (2.25 करोड़), है जवानी तो इश्क होना है (7.75 करोड़), मैं वापस आऊंगा (1.85 करोड़) और कॉकटेल 2 (16.25 करोड़) जैसी फिल्मों को पछाड़ दिया है. बहरहाल, अगर फिल्म वेलकम टू द जंगल के बारे में बात की जाए तो बॉलीवुड की हिट फ्रेंचाइजी वेलकम की तीसरी किस्त है. इसका निर्देशन अहमद खान ने किया है, जिसमें अक्षय कुमार के साथ ही जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन जैसे कलाकार अहम रोल में हैं. इसमें एक 2000 करोड़ी फेक फिल्म के निर्माण की कहानी देखने के लिए मिलती है, जिसमें ट्विस्ट और टर्न्स खूब देखने के लिए मिलते हैं.



# समांथा रुथ प्रभु की मां इंटि बंगारम ने नौवें दिन गाड़े झंडे, कमाया 137 प्रतिशत का प्रॉफिट



एक्ट्रेस समांथा रुथ प्रभु को पर्दे पर एक्शन करता देख फैंस काफी इम्प्रेस हुए हैं. फिल्म मां इंटि बंगारम बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. फिल्म में समांथा लीड रोल में हैं. आइए नजर डालते हैं फिल्म के अब तक के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने शनिवार यानी नौवें दिन 4.90 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म को 2211 शोज मिले. वहीं 36.7 परसेंट की ऑक्यूपेंसी मिली. फिल्म ने तमिल वर्जन में 25 लाख कमाए और तेलुगू वर्जन ने 4.65 करोड़ कमाए. फिल्म का टोटल कलेक्शन 42.95 करोड़ रहा. बता दें कि फिल्म ने ग्रॉस 49.72 करोड़ की कमाई की. वहीं ओवरसीज मार्केट में शनिवार को 1.25 करोड़ कमाए. फिल्म ने ओवरसीज मार्केट में टोटल 21.85 करोड़ का कलेक्शन किया. वर्ल्डवाइड फिल्म ने 71.57 करोड़ का बिजनेस कर लिया है. समांथा की इस फिल्म ने 4.85 करोड़ से ओपनिंग की थी. दूसरे दिन फिल्म ने 6.95 करोड़ कमाए. तीसरे दिन फिल्म ने 9.4 करोड़ का बिजनेस किया. चौथे दिन 3.85 करोड़, पांचवें दिन 3.50 करोड़, छठे दिन 2.50 करोड़, सातवें दिन 2.65 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने पहले हफ्ते में 33.70 करोड़ का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया. आठवें दिन फिल्म ने 4.35 करोड़ कमाए. फिल्म को बी.वी. नंदिनी रेड्डी ने डायरेक्ट किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म का बजट 25 से 30 करोड़ बताया जा रहा है. वहीं फिल्म ने 71 करोड़ की कमाई की तो फिल्म ने 136.67 परसेंट का प्रॉफिट कमाया. इस फिल्म को समांथा रुथ प्रभु और उनके पति राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में समांथा की एक्टिंग को काफी पसंद किया जा रहा है. फिल्म को पॉजिटिव वर्ड ऑफ माउथ का भी फायदा मिला.




# गैलेक्सी अपार्टमेंट अब नहीं रहेगा सलमान खान का पता

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान अपने पूरे परिवार के लिए छह मंजिला समुद्र-सामने वाला (सी-फेसिंग) बंगला बनवा रहे हैं। सलमान खान का बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट अब उनके पुराने पते की पहचान नहीं रहेगा। अक्सर सलमान की इस बात के लिए तारीफ की जाती थी कि इतना पैसा होने के बाद भी वे एक साधारण अपार्टमेंट में रहते हैं, लेकिन अब सुरक्षा और परिवार के लिए बेहतर सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह बड़ा बदलाव किया जा रहा है। सलमान खान का परिवार 1974 में गैलेक्सी अपार्टमेंट में शिफ्ट हुआ था, और लगभग 52 साल बाद, वे इस घर को खाली करेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र कोस्टल जोन मैनेजमेंट अथॉरिटी






(एमसीजेडएमए) ने 16 जून को खान परिवार को बांद्रा के चिम्बाई इलाके में एक आवासीय टावर बनाने की मंजूरी दे दी है। यह नया पता गैलेक्सी अपार्टमेंट से महज कुछ मीटर की दूरी पर है, जिससे इलाके से उनका जुड़ाव बरकरार रहेगा। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि जिस प्लॉट पर यह नया घर बनेगा, उसे सलमान खान की मां सलमा खान ने साल 2011 में खरीदा था। इस खबर से सबके मन में यह सवाल उठ रहा है कि आखिर इतने सालों बाद सलमान ने घर बदलने का फैसला क्यों लिया? रिपोर्ट में दावा है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग की तरफ से मिली लगातार धमकियों और फायरिंग की घटना के बाद सुरक्षा के लिहाज से सलमान खान ने यह कदम उठाया है। नए बंगले में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए जा सकते हैं, जो मौजूदा अपार्टमेंट में संभव नहीं है। जिस प्लॉट पर सलमान खान का नया बंगला बनेगा, वह पहले मैरी क्लोटिल्डा बैप्टिस्टा का था।

इसके बाद यह संपत्ति कई बार बेची गई और अंततः साल 2011 में सलमान खान की मां सलमा खान ने इसे खरीदा। अब इसी संपत्ति पर खान परिवार का भव्य छह मंजिला सी-फेसिंग बंगला आकार लेगा। खान परिवार की तरफ से यह भी आश्वस्त किया गया है कि बंगले के निर्माण के दौरान वहां लगे किसी भी पेड़ को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। इसके अलावा, प्रोजेक्ट एरिया में उनकी तरफ से स्थानीय पेड़ लगाए जाएंगे, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सलीम खान अपने परिवार के साथ साल 1974 में गैलेक्सी अपार्टमेंट में आए थे।

## व्यस्तता के कारण बेटियों से हुई भावनात्मक दूरी : स्मिता बंसल


लोकप्रिय धारावाहिक बालिका वधू में 'सुमित्रा' के किरदार से घर-घर पहचान बनाने वाली अभिनेत्री ने बताया कि काम की व्यस्तता के कारण कई बार वह अपनी बेटियों के साथ उतना समय नहीं बिता सकीं, जितना वह चाहती थीं। एक टीवी टॉक शो के दौरान बातचीत में स्मिता बंसल ने कहा कि एक कलाकार के रूप में वह हमेशा अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रही हैं, लेकिन इस समर्पण की एक कीमत भी उन्हें चुकानी पड़ी। उन्होंने स्वीकार किया कि लगातार शूटिंग और पेशेवर जिम्मेदारियों के चलते कई बार परिवार और बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाना उन्हें भीतर से परेशान करता था। स्मिता ने एक ऐसी घटना का जिक्र किया, जिसने उन्हें गहराई से झकझोर दिया था। उन्होंने



बताया कि एक बार लंबे समय बाद शूटिंग से घर लौटने पर उन्होंने अपनी बेटी को खुद सुलाने का फैसला किया। लेकिन उस समय उनकी बेटी ने उनके साथ सोने से इनकार कर दिया और अपनी दादी के साथ सोने की इच्छा जताई। अभिनेत्री के अनुसार, उस पल उन्हें महसूस हुआ कि उनकी व्यस्त दिनचर्या की वजह से उनके और बेटी के बीच भावनात्मक दूरी पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि एक मां के रूप में वह क्षण उनके लिए बेहद पीड़ादायक था। अभिनेत्री ने बताया कि दर्शक उन्हें अक्सर उनके टीवी किरदारों के नाम से पहचानते थे। कोई उन्हें 'आनंदी की मां' कहता था तो कोई 'जग्या की मां', लेकिन वास्तविक जीवन में वह अपनी बेटी के साथ वह समय नहीं बिता पा रही थीं जिसकी उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत थी। स्मिता ने इसे अपने जीवन की सबसे बड़ी कमी और एक ऐसा पछतावा बताया, जिसे वह चाहकर भी पूरी तरह बदल नहीं सकतीं। अपने अभिनय करियर पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा ऐसे किरदार निभाने का अवसर मिला, जो मजबूत महिलाओं की कहानियों को सामने लाते थे। इन पात्रों ने उन्हें सिखाया कि असली ताकत दिखावे या बड़े शब्दों में नहीं, बल्कि धैर्य, त्याग और जिम्मेदारियों को निभाने में छिपी होती है। उन्होंने कहा कि समय के साथ वह इन किरदारों से खुद को जोड़ने लगीं, क्योंकि वास्तविक जीवन में भी महिलाएं परिवार के लिए कई त्याग करती हैं। गौरतलब है कि स्मिता बंसल ने वर्ष 2002 में अभिनेता और निर्देशक अंकुश मोहला से विवाह किया था। उनकी दो बेटियां हैं, जिनके नाम स्टाशा बंसल और अनघा बंसल हैं।

## एनिमेटेड फिल्म महाप्रभु जगन्नाथ का ट्रेलर जारी, 10 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक

एनिमेटेड फिल्म महाप्रभु जगन्नाथ को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है। कुछ दिनों पहले इसका पोस्टर जारी किया गया था, जिसे लोगों द्वारा खूब सराहा गया और अब अध्यात्मिक फिल्म का ट्रेलर दर्शकों का दिल जीतने आ गया है। भुवनेश्वर के एनीमेशन स्टूडियो एले एनिमेशन प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले निर्मित यह फिल्म, एनिमेटेड वेब सीरीज जय जगन्नाथ (2007) की सफलता के बाद आ रही है। फिल्म का निर्देशन श्रीपाद वारखेडकर ने किया है, जबकि निर्माता दुर्गा प्रसाद दलाई हैं। फिल्म का ट्रेलर कलियुग में अहम नाम के एक शक्तिशाली असुर का परिचय कराता है, जिसका मकसद




जगन्नाथ स्वामी के भक्तों को अपने जाल में फंसाना है। इस बुराई का अंत करने और सच्ची भक्ति की शक्ति को जगाने के लिए महाप्रभु जगन्नाथ, बलराम और गरुड़ एक साहसिक यात्रा पर निकलते हैं। यह फिल्म एली एनीमेशन के सनातन यूनिवर्स की शुरुआत करेगी, जिसके तहत भविष्य में कई फिल्में-सीरीज बनेंगी। महाप्रभु जगन्नाथ 10 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## लग कपड़ों की उम्र बढ़ाने में मदद कर सकती हैं ये आदतें, आज से ही अपनाएं

कपड़े रोजाना पहनने और धोने से खराब हो सकते हैं। ऐसे में कपड़ों को लंबे समय तक ठीक रखने के लिए कुछ अच्छी आदतें अपनानी जरूरी हैं। कपड़ों को धोने से लेकर उन्हें स्टोर करने तक के तरीके में थोड़ी-सी सावधानी बरतने से कपड़ों की उम्र बढ़ाई जा सकती है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताते हैं, जो आपके कपड़ों की उम्र को बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।



**ठंडे पानी का करें इस्तेमाल :** गर्म पानी का इस्तेमाल करके कपड़े धोने से उनमें लगे दाग-धब्बे अच्छे से साफ हो जाते हैं, लेकिन इससे कपड़े जल्दी खराब भी हो सकते हैं। गर्म पानी के कारण कपड़े जल्दी ढीले हो जाते हैं और उनका रंग भी फीका पड़ सकता है। इसलिए, कपड़े धोते समय ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। इससे कपड़ों में लगे दाग-धब्बे भी अच्छे से साफ हो जाएंगे और कपड़े भी लंबे समय तक ठीक रहेंगे।

**ज्यादा साबुन का न करें इस्तेमाल:** कपड़े धोने के लिए ज्यादा साबुन का इस्तेमाल करना भी गलत है। इससे कपड़ों की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ता है। दरअसल, ज्यादा साबुन के कारण कपड़े रूखे हो जाते हैं और उनकी चमक भी चली जाती है। इसके अलावा ज्यादा साबुन से कपड़ों की नाजुकता पर भी असर पड़ता है। इसलिए, हमेशा साबुन का इस्तेमाल करते समय उसकी मात्रा का ध्यान रखें और और अच्छी गुणवत्ता वाला विकल्प ही अपनाएं।

**ज्यादा गर्मी से बचाएं:** कपड़ों को सुखाने के लिए तेज हवा या तेज धूप का इस्तेमाल करने से बचें, क्योंकि इससे कपड़ों का रंग फीका पड़ सकता है और वे सिकुड़ भी सकते हैं। बेहतर होगा कि कपड़ों को प्राकृतिक तरीके से सुखाने पर जोर दें। इसके लिए आप उन्हें छांव में लटका सकते हैं या फिर किसी कोठरी में रख सकते हैं। इससे कपड़े न सिर्फ अच्छे से सूखेंगे, बल्कि उनका रंग भी बरकरार रहेगा।



**इस्त्री करते समय नमी रखें :** इस्त्री करते समय कपड़ों में थोड़ी नमी बरकरार रखें। इसके लिए आप स्प्रे बोतल का इस्तेमाल कर सकते हैं या फिर गीले कपड़ों को थोड़ी देर हवा में सुखाने के बाद इस्त्री करें। इससे कपड़े आसानी से इस्त्री होंगे और उनकी चमक भी बनी रहेगी। इसके अलावा नमी से कपड़ों के धागे भी मजबूत रहते हैं, जिससे वे लंबे समय तक ठीक रहते हैं। इस तरह आप अपने कपड़ों को नए जैसा बना सकते हैं।

# Sincere appreciation': Iran's Supreme Leader Mojtaba thanks PM Modi for Eid greetings



**New Delhi, Agency:** Iran's Supreme Leader Mojtaba Khamenei has thanked Prime Minister Narendra Modi for his Eid al-Adha greetings and expressed confidence that relations between India and Iran will continue to deepen, according to Iranian sources quoted by news agency ANI.

In his message to Prime Minister Modi, Khamenei conveyed his appreciation for the greetings and underlined the longstanding ties between the two countries.


"Prime Minister Narendra Modi, I have received Your Excellency's message of congratulations on the occasion of the blessed Eid al-Adha. While expressing my sincere appreciation and extending my reciprocal congratulations, I am confident that the historic friendship between our two countries, founded on mutual respect and shared interests, will continue to be further strengthened and expanded through the efforts of our two governments. I pray to Almighty God for the prosperity and continued success of the Government and the great people of India."

The message comes as India prepares to send an official delegation to the funeral ceremonies of Iran's late Supreme Leader Ayatollah Seyyed Ali Khamenei. According to Iranian sources cited by ANI, Bihar Governor Lt Gen Syed Ata Hasnain and Union Minister of State for External Affairs Pabitra Margherita will represent the Indian government at the ceremonies.

Iran had also invited Prime Minister Modi to attend the state funeral and burial ceremonies. The week-long observances are scheduled from July 4 to July 9 across several Iranian cities and are expected to draw millions of mourners along with foreign dignitaries.

Iranian authorities said Khamenei's body will lie in state at Tehran's Grand Mosalla complex on July 4 and 5, allowing members of the public to pay their respects. A state funeral procession will take place on July 6, with public holidays declared across Tehran province during the official mourning period.

# 36 years on, Yasin Malik, 4 aides named in Kashmiri Pandit nurse's kidnap-murder



**Srinagar, Agency:** J&K Police's State Investigation Agency (SIA) filed a 737-page chargesheet Monday for the 1990 abduction, torture and killing of 27-year-old Kashmiri Pandit nurse Sarla Bhat, naming the proscribed JKLF's then chief commander Mohammad Yasin Malik and four associates as the main conspirators in a crime whose trail went cold until the probe was reopened six months before assembly elections in 2024.Three of Malik's co-accused died before the case could go to trial, with the probe agency blaming the 36-year delay on what it termed "an atmosphere of fear and intimidation created by terrorist organisations in J&K".

The chargesheet, filed in the special additional sessions judge's court in Srinagar that hears cases filed by NIA and those under TADA and the Prevention of Terrorism Act, states that Malik assigned Khurshid Ahmad Chalkoo, Abdul Hamid Sheikh, Mohammad Yousuf Sofi, alias Idrees, and Ghulam Mohammad Taploo to carry out the abduction and killing.

Sarla, a native of south Kashmir's Anantnag district, was a staff nurse in the neonatology ward of Sher-i-Kashmir Institute of Medical Sciences (SKIMS) when Malik's outfit abducted her from the govt-run college's Habba Khatoon Hostel on April 18, 1990. She was among the few Kashmiri Pandits who chose to remain in the Valley despite terrorists unleashing violence targeting the community. The chargesheet mentions how Sarla was taken to the Illahibagh-Lal Bazar area, where she was allegedly tortured repeatedly before being shot dead. Her mutilated, bullet-riddled body was found the next day at Omer Colony Malabagh in downtown Srinagar along with a note accusing her of being a "mukhbir" or informer for the security forces.

The investigation established that the "informer" accusation was a "fabricated pretext to justify a premeditated assassination", SIA said, describing the chargesheet as "a tribute to the memory of a victim who was denied justice for decades, a reaffirmation of the rule of law and a message of hope to countless victims of terrorism and their families". While Malik is in judicial custody in Delhi's Tihar Jail in another terror case, Chalkoo, who allegedly pulled the trigger, is absconding.



# Dayalu Ammal hospitalised in Chennai after health setback

**New Delhi, Agency:** Dayalu Ammal, the wife of the late former chief minister M Karunanidhi, and mother of DMK president M K Stalin, was admitted to a private hospital in Chennai on Tuesday following health issues. The nonagenarian has been suffering from age-related health issues for the past few years and had been under continuous medical supervision at her Gopalapuram residence.

Following a sudden deterioration in her health, she was rushed to a private hospital. Hospital sources stated that she was provided immediate medical attention and is currently under the close observation of a specialised team of doctors. Her condition is reported to be stable, sources added. Upon receiving the news, Stalin, along with other family members, immediately reached the hospital. The DMK leader held detailed discussions with the team of senior doctors regarding the treatment being given to his mother. Leader of the Opposition Udhayanidhi Stalin and several other family members also visited the hospital to inquire about her health.

# Track II India-Pakistan talks not official, don't count: MEA:



**New Delhi, Agency:** Foreign secretary Vikram Misri dismissed reports in the past few months about an India-Pakistan "track II" dialogue, saying India takes no cognisance of such events that don't hold much value. Responding to a media query in Seychelles, Misri said dozens of these events take place around the world on a variety of subjects.

"There's nothing new, nothing special about these events. As far as we are concerned, these are private events organised by private parties," said the foreign secretary. "I cannot speak for the govt of Pakistan, but as far as govt of India is concerned, there is no official participation, no official support or involvement, in these visits," Misri reiterated.

# Coast Guard rescues 6 fishermen in overnight operation off Mangaluru coast



**New Delhi, Agency:** The Indian Coast Guard (ICG) rescued six fishermen from a sinking fishing vessel off the Mangaluru coast on Monday evening, following a difficult overnight search and rescue mission marked by rough seas and deteriorating visibility.


The fishermen were aboard the Indian Fishing Boat (IFB) Manju Matha when it ran into trouble roughly 33 nautical miles off the Suratkal coast. According to an ICG statement, the Coast Guard ship Sachet picked up a VHF distress call around 4 pm, with the crew reporting flooding and hull damage caused by heavy seas. All six fishermen on board were said to be in immediate danger.

ICGS Sachet was redirected to the location without delay and reached the stricken boat within an hour and a half, as reported by ANI. The rescue itself unfolded in punishing conditions, with rough water, strong winds, poor visibility and fading daylight all adding to the difficulty of the operation and putting heavy demands on the rescue crew's skill and coordination.

Even so, the Sachet's crew carried out the mission efficiently, using remote-operated lifebuoys built for harsh sea conditions to reach and pull the stranded men to safety. By 6 pm, all six fishermen had been recovered unharmed. ICGS Sachet is now headed to New Mangalore, where the rescued crew will be brought ashore and the remaining procedural steps completed.

The Coast Guard described the rescue as evidence of its ongoing commitment to protecting lives at sea, noting that it reflects how well-trained personnel and modern equipment work together during difficult maritime emergencies. The statement reiterated the force's motto, "Vayam Rakshamah" (We Protect), and its continued role in monitoring India's waters and responding to vessels in distress.

# Petrol, diesel retail sale curbs for commercial users lifted




**New Delhi, Agency:** Rolling back yet another emergency measure introduced to ensure equitable distribution of fuel during West Asia conflict, govt Monday decided to lift restrictions on sale of petrol and diesel to commercial users from retail pumps from July 1.

The temporary restrictions on the sale and distribution of petrol and diesel to commercial users, such as transport operators and industrial units, were imposed under the Motor Spirit and High Speed Diesel (Temporary Regulation of Supply through Retail Outlets) Order, 2026, on June 12.

The June 12 order was issued days before US and Iran reached an understanding that paved the way for reopening of the Strait of Hormuz. "...central govt, on review of the prevailing supply situation of petroleum products, is satisfied that it is no longer necessary... to continue with the directions... in the said order," the petroleum ministry said in its order Monday.

# Indian-American Congressman Ro Khanna says, 'US-India ties at lowest point in 30 years under Trump'



**New Delhi, Agency:** The US-India relationship is at its lowest point in the last 30 years due to US President Donald Trump's "utterly destructive policies", Indian-American Congressman Ro Khanna has said. Addressing the US-India Strategic Partnership Forum Leadership Summit in Washington, Khanna on Monday claimed that during his recent visit to China, India's ambassador there had told him that a generation of trust was lost due to Trump's policies.

"Now, you know I'm not one to mince words. I sort of tell things as they are. The US-India relationship has been at its lowest point in the last 30 years," Khanna said.

"Trump's policies of getting into a war with Iran have been utterly destructive. It has been utterly destructive to the prices of gas in India. Talk to (External Affairs Minister S) Jaishankar if you don't believe me," the California Democrat said.

"I was in China, and the Indian Ambassador there told me that a generation of trust has been lost by President Trump. If we don't speak the truth about the damage this President has done...we are not living in reality," Khanna, a presumptive 2028 Presidential hopeful, said. He slammed Trump's policies of threatening Iran and Cuba and conquering Greenland. "Now you have an America that has forgotten that moral vision, that has a foreign policy of might makes right, threatening not just Iran, threatening Cuba, threatening to conquer Greenland, and we were having dinner as if everything is normal," Khanna said.

"Who cares about the partnerships of this and that when this President is literally destroying America's leadership in the entire world," he said.

# India to push FATF to put Pakistan on terror list




**New Delhi, Agency:** India is likely to cite video and other evidence of Pakistan continuing its support to terror outfits, seeking to bring back Islamabad under the 'Grey List' of Financial Action Task Force at the Oct meeting of the Paris-based antimoney laundering (AML) and counter-terrorist financing (CTF) watchdog. Pakistan was removed from the 'Grey List' in Oct 2022 after it managed to satisfy members of FATF about implementation of a 34- point action plan that included initiating legislative and operational reforms, including AML/CTF mechanisms, on enhanced monitoring of suspicious transactions and politically exposed persons. Countries, under the 'Grey List', face increased FATF monitoring and are subjected to periodic review "to address strategic deficiencies in their regimes to counter money laundering, terrorist financing, and proliferation financing".

# 'You may face difficulties with govt schemes if ...': DK Shivakumar's warning as Karnataka SIR begins



**New Delhi, Agency:** As the special intensive revision of electoral rolls began in Karnataka, chief minister DK Shivakumar urged voters to ensure that their names are on the electoral rolls, saying they could otherwise be excluded from government welfare schemes. While addressing a press conference, he called on citizens to cooperate with election officials by providing the required information and documents. "From tomorrow, SIR will start. All India and Karnataka's eyes are on Karnataka... I appeal to everyone, please save your vote, save your life. Right to vote, right to live. The Government of Karnataka will support your vote. The officers will give enumeration forms. They will ask for information, and everyone should provide a new photo," Shivakumar said.

"Your right to vote is your right to life. If you lose your voting rights, you may face difficulties in accessing government welfare schemes in the future, including Gruha Jyothi, Gruha Lakshmi, pension benefits and other state government services. A process to verify the details of beneficiaries under various schemes will begin soon, although no scheme will be discontinued immediately," he added. Shivakumar also said that help desks and booth-level arrangements had been made to facilitate the exercise. He cautioned that voters who fail to submit the enumeration form within the stipulated period could lose their voting rights.

He said, "Representatives of various parties will also help in providing the required information," adding that "Form 6 is available for those who have completed 18 years of age. The information sought by election officials will also be sought from new voters."